

दैनिक

सीहोर जिले का प्रथम दैनिक

K ✌ K

RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-295 | सीहोर, शुक्रवार 17 जनवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## सुप्रीम कोर्ट केंद्र की दलीलों को बर्दाश्त नहीं करेगा जो कानून के विपरीत हैं

### केंद्र ने कहा था-पीएमएलए का ट्विन बेल कंडीशन महिलाओं पर भी लागू होती है



नई दिल्ली,(ए)। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की दलील पर नाराजगी जताई है जिसमें केंद्र ने कहा था कि पीएमएलए एक्ट के तहत मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी महिलाओं के लिए जमानत का ट्विन कंडिशन लागू होता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह केंद्र की दलीलों को बर्दाश्त नहीं करेगा जो कानून के विपरीत हैं। कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान इस दलील पर जब आपत्ति जताई थी, जिसमें केंद्र ने कहा था कि पीएमएलए का ट्विन बेल कंडीशन महिलाओं पर भी लागू होता है। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि प्रावधान कहता है कि महिलाओं को इससे छूट है। 20 दिसंबर 2024 को कोर्ट ने अडिशनल सॉलिसिटर जनरल को कड़ी फटकार लगाई थी, जब उन्होंने कहा था कि धारा 45 के सख्त जमानत प्रावधान महिलाओं पर भी लागू होते हैं। कोर्ट ने तब साफ कहा था कि धारा 45 का प्रावधान स्पष्ट रूप से महिलाओं को इन शर्तों के हिसाब से छूट देता है।भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ईडी की ओर से पूर्व में दी गई दलील के लिए माफी मांगी। उन्होंने स्वीकार किया कि यह छूट महिलाओं पर लागू होती है और पहले की दलील कुछ भ्रम और गलत कम्युनिकेशन के कारण दी गई थी। जस्टिस ओका ने इस स्पष्टीकरण को खारिज करते हुए कहा कि गलतफहमी का कोई सवाल ही नहीं है।

## केंद्रीय कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी- मोदी सरकार ने दी 8वें वेतन आयोग को मंजूरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। मंत्रिमंडल ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी प्रदान कर दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी साझा करते हुए कहा, प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियों के लिए आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय सरकारी कर्मचारियों के लिए लाभ सुनिश्चित करने के मद्देनजर लिया गया है।आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें 2016 में लागू की गई थीं, लेकिन इसका कार्यकाल 2026 में समाप्त हो रहा है। हालांकि आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें सातवें वेतन आयोग का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही प्राप्त होने की उम्मीद है, जिसके लिए 2025 तक पर्याप्त समय दिया गया है।





सिंगापुर गणराज्य के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम ने दिल्ली में राजघाट स्थित महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## सैफ पर हमला करने वाले का चेहरा आया सामने, सीसीटीवी फुटेज में सीढ़ियों से उतरता दिखा



मुंबई ,(आरएनएस)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर उनके मुंबई स्थित आवास पर चाकू से हुए हमले के मामले में आरोपी की पहली तस्वीर सामने आ गई है। पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में आरोपी का चेहरा साफ नजर आ रहा है। वह गुरुवार तड़के 2:33 बजे बिल्डिंग की सीढ़ियों से उतरता दिख रहा है। आरोपी शक्ल से ज्यादा उम्र का नहीं लग रहा है ।पुलिस के हाथ लगे फुटेज में आरोपी बिल्डिंग की सीढ़ियों से उतरता नजर आ रहा है। पुलिस उसकी पहचान करने और उसे गिरफ्तार की कोशिश में जुटी है ।पुलिस ने बताया कि हमलावर चोरी के इरादे से घर में घुसा था। वह फायर एग्जिट की सीढ़ियों का इस्तेमाल करते हुए घर में दाखिल हुआ था। आरोपी फिलहाल फरार है ।मुंबई पुलिस ने बताया कि सैफ अली खान के घर में काम करने वाले हर व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है, ताकि कोई सुराग मिल सके ।अभिनेता पर गुरुवार तड़के घर में घुसे चोर ने धारदार हथियार से हमला किया। घायल सैफ को उपचार के लिए लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी सर्जरी हुई है ।अभिनेता के स्वास्थ्य को लेकर उनकी टीम की तरफ से बयान जारी कर कहा गया कि अभिनेता अब खतरे से बाहर हैं।

### रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

## शहडोल कॉन्क्लेव में 32,520 करोड़ के निवेश प्रस्ताव हुए प्राप्त

### प्रदेश में एक-एक युवा को उसकी योग्यता, दक्षता के अनुरूप मिलेगा रोजगार : सीएम डॉ.यादव






भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में उद्यमशीलता के माध्यम से हम भारत को एक बार फिर सोने की चिड़िया बनाएंगे। वर्ष 2014 में जब मोदी की सरकार बनी थी, भारत की अर्थव्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौतियां थीं। भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था। हमने अपनी आंतरिक शक्तियों, अनंत संभावनाओं को पहचाना और आज हम आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मध्यप्रदेश में भी तेज गति से विकास हो रहा है। हमारा मध्यप्रदेश 9 करोड़ का परिवार है और आने वाले 5 वर्षों में हम अपनी जीडीपी को दोगुना करने वाले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योगपति हमारी सर्वे भवंतु सुखिनः की सनातन संस्कृति को चरितार्थ करते हैं। एक योद्धा जिस प्रकार युद्ध में देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर देता है उसी प्रकार एक उद्यमी कई परिवारों का भला करता है। यदि हम सभी अपनी-अपनी भूमिका को ठीक ढंग से निभाएं तो सभी का कल्याण होगा और देश तरक्की करेगा। अपने लिए जिए तो क्या जिए, हमें सभी के कल्याण के लिए जीना है ।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरलता, सुगमता के साथ व्यापार, व्यवसाय हमारी औद्योगिक नीति है। राज्य में उद्योगों के अनुकूल वातावरण है। हम उद्योगों को सहकार, सहयोग और सम्मान देते हैं। राज्य में औद्योगिक श्रमिकों की कोई परेशानी नहीं है। पर्यटन, आईटी सेक्टर और रेडीमेड गारमेंट्स आदि क्षेत्रों में उद्योगों को विशेष इंसेन्टिव दिए जाते हैं। रेडीमेड गारमेंट्स में 200 प्रतिशत तक मदद दी जाती है और 10 वर्ष तक 5 हजार रूपये प्रति मजदूर इंसेन्टिव भी दिया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक युवा को उसकी योग्यता और दक्षता के अनुरूप रोजगार मिलेगा। मध्यप्रदेश में पिछले कुछ समय में 6 रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव आयोजित किये गए हैं, जिनमें 04 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आया है, और इनसे 3 लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। मध्यप्रदेश में आगामी 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव आयोजित की गई है। विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को तलाशते हुए, सभी विभाग अपनी नीतियां बना रहे हैं, जो शीघ्र ही तैयार हो जाएंगी। प्रदेश में नव उद्यमिता (स्टार्ट-अप) को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस की सभी को बधाई दी ।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे लिए विकास का अर्थ केवल भौतिक अधोसंरचनाओं का विकास नहीं है, हम समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीब, युवा, महिला और किसानों के कल्याण के लिए मिशन प्रारंभ किया है, जिस पर हम तेजी से कार्य कर रहे हैं।

## दो सैटेलाइट को सफलतापूर्वक किया गया डॉक

### अंतरिक्ष में दोनों सैटेलाइट जोड़ने वाला दुनिया का चौथा देश बना भारत




नई दिल्ली(ए)। भारत अंतरिक्ष में बेहतर काम कर रहा है। निरंतर शोध और नवाचारों के चलते भारत दुनिया के उन देशों में शुमार हो गया जो स्पेस के लिए श्रेष्ठ काम कर रहे थे। एक बार फिरभारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को इतिहास रच दिया। इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सरसाइज मिशन के तहत दो सैटेलाइट को सफलतापूर्वक डॉक करने की प्रक्रिया पूरी कर ली। अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया है। इसरो ने 'एक्स' पर कहा, भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। सुप्रभात भारत, इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने 'डॉकिंग' में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है। इससे पहले इसरो ने दो बार डॉकिंग का प्रयास किया था, लेकिन तकनीकी समस्याओं के कारण 7 और 9 जनवरी को यह संभव नहीं हो सका। 12 जनवरी को इसरो ने सैटेलाइट को 15 मीटर और 3 मीटर की दूरी तक लाने में सफलता हासिल की थी। डॉकिंग तकनीक की आवश्यकता चंद्रयान-4 जैसे मिशनों में होगी, जिसमें चंद्रमा से सैंपल लाकर पृथ्वी पर वापस लाना है। इसके अलावा, भारत के अंतरिक्ष स्टेशन भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना के लिए भी यह तकनीक अहम होगी।

## अर्बन नक्सल्स के चंगुल में हैं राहुल गांधी : रविशंकर प्रसाद

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को पार्टी के मुख्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए 8 वें वेतन आयोग के गठन को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने का स्वागत किया। साथ ही उन्होंने अमेरिका की हिंडनबर्ग रिसर्च के बंद होने और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी पर हमले करने के लिए कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को घेरते हुए कहा कि राहुल गांधी अर्बन नक्सल के चंगुल में हैं। उन्होंने कहा, गुरुवार को केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए 8 वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। हम पार्टी के ओर से इस फैसले का स्वागत करते हैं।

## मोदी सरकार ने कर दी मनमोहन सिंह के स्मृति स्थल के निर्माण की घोषणा

### कांग्रेस करती रह गई राजनीति, राष्ट्रीय स्मृति परिसर में बनेगी समाधि



नई दिल्ली,(ए)। देश के पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की निधन के बाद से ही अंतिम संस्कार से लेकर स्मारक तक विवादों में रहा है। कांग्रेस पूर्व पीएम के निधन पर केंद्र सरकार को घेरती रही है। अब केंद्र सरकार ने कांग्रेस को झटका देते हुए पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के स्मृति स्थल के निर्माण की घोषणा कर दी है। केंद्र सरकार ने मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए 1.5 एकड़ जमीन चिह्नित की है। डॉ सिंह का स्मारक दिल्ली के राष्ट्रीय स्मृति परिसर में बनाया जाएगा। जहां पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के लिए समाधि स्थल बनाया जा रहा है।

डॉ मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए आवास और शहरी मामलों ने चिह्नित जगह की जानकारी दी है। मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर दिवंगत प्रधानमंत्री के परिवार को इस फैसले के बारे में सूचित किया है। उनसे ट्रस्ट पंजीकृत करने का अनुरोध किया है।

## रामलला की प्रथम वर्षगाँठ पर घर घर लहराएंगी भगवा पताकाएं

अलीगढ़ (ए)। अखिल भारतीय मित्र संगठन , अलीगढ के अध्यक्ष भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार अयोध्या मे राम जन्म भूमि मंदिर मे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ सम्पूर्ण भारतवर्ष मे धूमधाम से एवं जोर शोर से मनाई जा रही है । विदित रहे विगत वर्ष आंग्ल केलेंडर के अनुसार 22 जनवरी को अयोध्याजी के भव्य मंदिर मे श्री रामजी की पुनः प्राण प्रतिष्ठा हुई थी । जबकि भारतीय काल गणना के अनुसार पुनः प्राण प्रतिष्ठा पौष शुक्ला द्वादशी को हुई थी इसे प्रतिष्ठा द्वादशी का नाम दिया गया । आम जनता से यह आवाहन किया गया है कि पुनर्प्राण प्रतिष्ठा उत्सव प्रतिष्ठा द्वादशी से 22 जनवरी तक प्रत्येक वर्ष इतनी भव्यता से मनाया जाना चाहिए जैसा कि भगवान श्रीराम जी के लंका विजय के पश्चात अयोध्या लौटने पर पूरे देश में जितनी भव्यता से दीपावली मनाई गई थी । इस अवसर पर महानगर अलीगढ मे राम भक्तों द्वारा कई भव्य आयोजन किये जा रहे हैँ ।




## MP में चली शीतलहर, अगले 2 दिनों तक अधिकतर शहरों में छाया रहेगा कोहरा



भोपाल(आरएनएस)। प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय मौसम प्रणालियां कमजोर पड़ गई हैं। हवा का रुख भी उत्तरी होने लगा है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, वातावरण में बड़े पैमाने पर नमी मौजूद रहने के कारण शुक्रवार-शनिवार को अधिकतर शहरों में कोहरा रहने की संभावना है ।रात के तापमान में भी कुछ कमी आ सकती है। गुरुवार को सबसे कम 9.2 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में दर्ज किया गया। हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 7.7 डिग्री सेल्सियस पर रहा। सबसे कम 100 मीटर दृश्यता खजुराहो एयरपोर्ट पर दर्ज की गई। दिन का सबसे कम 16 डिग्री सेल्सियस तापमान खजुराहो में दर्ज किया गया ।मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इसके प्रभाव से पंजाब पर बना प्रेरित चक्रवात अब हरियाणा पर सक्रिय है। दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात मौजूद है ।उत्तर भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि मौसम प्रणालियां कमजोर पड़ चुकी हैं।

## दिल्ली चुनाव में आप को समर्थन का मतलब कांग्रेस का विरोध नहीं : अखिलेश यादव



लखनऊ (आरएनएस)। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का दिल्ली में आप को समर्थन का मतलब यह नहीं है कि हम कांग्रेस के विरोध में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी चुनावी लड़ाई में नजर आ रही है। इंडिया गठबंधन में पहले भी इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है कि जो क्षेत्रीय दल जहां मजबूत होगा, वहां उसको समर्थन दिया जाएगा।

अखिलेश यादव ने अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले की निंदा करते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि सैफ अली खान जल्द स्वस्थ हो जाएंगे। इसके पीछे क्या कारण है और किस कारण से यह हुआ, ये जांच का विषय है ।मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि वहां हमारा प्रत्याशी पीडीए का प्रतिनिधि है। मुझे उम्मीद है कि चुनाव आयोग पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराएगा। मिल्कीपुर की जनता ने भाजपा को हराने का मन बना लिया है। किसान, महिला और व्यापारी भाजपा को हराने जा रहे हैं। पीडीए का उम्मीदवार जनता की पहली पसंद है। यह चुनाव भाजपा के लिए सबक होगा ।अखिलेश यादव ने अयोध्या के किसानों के हक में आवाज उठाते हुए कहा कि अयोध्या के किसानों की जमीन छीनकर भाजपा मुनाफाखोरी कर रही है। किसानों को 6 गुना मुआवजा मिलना चाहिए। गरीब किसानों को उनकी जमीन का बाजार दर पर उचित मूल्य मिले, विकास हो, लेकिन किसानों के अधिकार न छीने जाएं।

## इमरजेंसी इतिहास का काला अध्याय, फिल्म के लिए कंगना रनौत को बधाई : देवेंद्र फडणवीस

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी देखी। मंच पर पहुंचे और आपातकाल का सत्य दिखाने के लिए रनौत की तारीफ की ।उन्होंने कहा कि मैं कंगना रनौत को हार्दिक बधाई देना चाहता हूं कि इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर उन्होंने फिल्म बनाई। आपातकाल वह समय था, जब सभी लोगों के मानवाधिकार छीन लिए गए थे। मुझे अब भी याद है जब अपने पिता से मिलने मैं जेल जाता था। मेरे पिता आपातकाल के दौरान जेल में थे और मैं केवल पांच वर्ष का था। उन्होंने आगे कहा कि इमरजेंसी के दौर को कंगना रनौत ने फिर से एक बार फिल्म के माध्यम से लोगों के बीच लाया है। कंगना जी का फिल्म में रोल सराहनीय है। हमारे लिए वैसे इंदिरा जी तो बहुत बड़ी थीं, वो देश के लिए नेता थीं लेकिन उस दौर में हमारे लिए विलेन थीं।





# प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का काम जारी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**-शहडोल रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव से क्षेत्र में बढ़ेंगी औद्योगिक गतिविधियां**
**- शहडोल, अनूपपुर और उमरिया के लिए प्राप्त निवेश प्रस्ताव, उत्साहवर्धक**



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में देश को आगे बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक स्तर पर गतिविधियां जारी हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के लक्ष्य पर संकल्पित भाव के साथ कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में आरंभ की गई शहडोल रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में क्षेत्रीय अगली कड़ी के रूप में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार पर उद्योग समूह और निवेशकों के साथ संवाद होगा। शहडोल संभाग के तीनों जिलों शहडोल, अनूपपुर और उमरिया के लिए प्राप्त हुए नए निवेश के प्रस्ताव उत्साहवर्धक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन, स्वास्थ्य, खनन, भारी उद्योग, लघु एवं मध्यम उद्योग सहित सभी सेक्टर में निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। पिछली इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में जो एमओयू हुए थे उन पर सभी आवश्यक कार्यवाही कर ली गई है। यह सुखद है कि इस आरआईसी में उन उद्योगों के अंतर्गत उद्योगों के भूमि-पूजन और लोकार्पण भी आज किये जा रहे है। इससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के साथ ही युवाओं को रोजगार के भी पर्याप्त अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल में रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के लिए भोपाल से प्रस्थान करने से पहले मीडिया के लिए जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किऐ।

## भाजपा विधायक सहित अन्य से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

भोपाल (आरएनएस)। मप्र हाईकोर्ट ने भाजपा बांधवगढ़ से भाजपा विधायक शिवनारायण ज्ञान सिंह को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। दरअसल मामले में आरोप है कि विधायक ने जनपद पंचायत के काम में बेवह अड़ंगा लगा रखा है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 24 जनवरी को निर्धारित की है। यह मामला जनपद पंचायत करकेली की अध्यख प्रियंका सिंह बघेल की ओर से दायर किया गया है। इसमें आरोप है कि वर्ष 2022-23 में जारी बजट के परिप्रेक्ष्य में जनपद पंचायत द्वारा विकास कार्यों की योजना बनाई गई। इसके बाद सभी अनुमतियां लेने के बाद जनपद पंचायत में वर्क ऑर्डर जारी किया ओर निर्माण सामग्री भी बुला ली। आरोप है कि स्थानीय विधायक के दखल के कारण उक्त सभी विकास कार्यों पर रोक लगा दी गई।

## भोपाल सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष बने नरेश अग्रवाल

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल के श्रीसराफ एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल चुने गए हैं। वहीं, उपाध्यक्ष राजेश सोनी रज्जू, सचिव अखिलेश मित्तल, सह सचिव सचिन जैन और कोषाध्यक्ष अमित बिंदल निर्वाचित हुए। शाम 4 बजे तक 231 में से 222 मतदाताओं ने वोट डाले थे। 9 मतदाता वोटिंग नहीं कर सके। शाम 6.15 बजे के बाद नतीजे आ गए।चुनाव में दो पैनल- 'युवा पैनल' और 'आपकी अपनी पैनल' मैदान में थी। जो पांच पदाधिकारी चुने गए हैं, वे दोनों ही पैनल से हैं। इस बार चुनाव में पार्किंग, सुरक्षा, हाईमास्ट और सुलभ कॉम्पलेक्स जैसे चुनावी मुद्दे छाए रहे। बता दें कि मौजूदा कार्यकारिणी ने अपनी 'युवा पैनल' मैदान में उतारी थी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष समेत 12 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए चुनाव हुए। चौक बाजार स्थित गोपाल धर्मशाला में वोटिंग हुई। यही पर काउंटिंग की गई। 'युवा पैनल': अध्यक्ष पद के लिए अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेश सोनी रज्जू, सचिव अखिलेश मित्तल, सह सचिव सचिन जैन, कोषाध्यक्ष रितेश अग्रवाल। कार्यकारिणी प्रत्याशी सुलभ मित्तल, गौरव अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, विजय वर्मा, राधेश्याम गोयल, मनीष मित्तल, तरुण बिंदल, ऋषिकांत अग्रवाल, अमित मंगल, प्रशांत मंगल, शैलेंद्र सोनी।

## महेश्वर से हो सकती है धार्मिक नगरों में शराब दुकान बंद की घोषणा

भोपाल,(आरएनएस)। प्रदेश के धार्मिक नगरी में सरकार आगामी वित्तीय वर्ष यानी अप्रैल 2025 से शराब दुकानें बंद करेगी। यह प्राविधान नई आबकारी नीति में किया जा रहा है। सरकार अपने इस कदम की घोषणा 24 जनवरी को महेश्वर में होने वाली कैबिनेट बैठक में कर सकती है। महेश्वर भी धार्मिक नगरी ह और यहां भी शराब दुकानें नगरीय सीमा में बंद होंगी। कैबिनेट बैठक से पहले हुई बैठक में मंत्रियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस निर्णय का स्वागत किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल ने कहा कि धार्मिक नगरों में शराब दुकानें बंद करने का निर्णय प्रशंसनीय है।

## प्रतिबंधित पालीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक विक्रेताओं के विरुद्ध निगम की सख्त कार्यवाही निरंतर जारी




भोपाल(आरएनएस)।नगर निगम द्वारा प्रतिबंधित पालीथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक विक्रेताओं के विरूद्ध मुख्य बाजारों एवं साप्ताहिक हाट बाजारों में कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में बुधवार को निगम के विभिन्न जोनों के दलों ने संयुक्त रूप से वार्ड क्रमांक 56 में विजय मार्केट बरखेड़ा साप्ताहिक बाजार में कार्यवाही करते हुए 10 किलोग्राम प्रतिबंधित पालीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त किया और 57 प्रकरणों में 06 हजार 700 रूपये की राशि का जुर्माना किया।निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा प्रतिबंधित पालीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक विक्रेताओं के विरूद्ध कार्यवाही करने संबंधी निर्देशों के परिपालन में निगम अमले द्वारा मुख्य बाजारों एवं साप्ताहिक हाट बाजारों में निरंतर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में निगम के जोन क्रमांक 12, 14, 15, 16, 18 एवं 19 के स्वास्थ्य विभाग के अमले के दलों ने वार्ड क्र 56 के अंतर्गत विजय मार्केट बरखेड़ा के साप्ताहिक हाट बाजार में कार्यवाही करते हुए अलग-अलग दुकानों से 10 किलोग्राम प्रतिबंधित पालीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री जप्त की तथा पालीथीन विक्रेताओं के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 57 प्रकरणों में 06 हजार 700 रूपये का जुर्माना किया।

## अहमदपुर नर्सरी में बीज से बनाए जा रहे पौधे, 15 जून के बाद होगा रोपण, पांच लाख से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य

भोपाल,(आरएनएस)। रातापानी को टाइगर रिजर्व का दर्जा मिलने के बाद वन विभाग ने यहां के बफर एरिया सहित समस्त क्षेत्र को विकसित करने के लिए कमर कस ली है। वन विभाग द्वारा बपुर एरिया में इस साल जून से सितंबर के दोरान पांच लाख से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य है। इन पौधों में औषधीय महत्व के पौधों के साथ इमारती लकड़ी के पौधे भी शामिल हैं, जिन्हें विभिन्न स्थलों पर रोपित किया जाएगा। पौधे लगाने के बाद भोपाल, सीहोर, रायसेन और रातापानी टाइगर रिजर्व की वन संपदा में भी बढ़ोतरी होगी। बता दें कि अहमदपुर स्थित नर्सरी में रोपण के लिए बीज से पौधों को तैयार किया गया है।

## यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए रेलवे की तत्परताः कुशीनगर एक्सप्रेस में कोच बदला गया



भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए त्वरित और प्रभावी निर्णय लिया गया। दिनांक 15.01.2025 को ट्रेन संख्या 22538, लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गोरखपुर (कुशीनगर एक्सप्रेस) जब भोपाल मंडल के बीना स्टेशन पर पहुंची, तो कोच नंबर B-5 (वातानुकूलित तृतीय श्रेणी) में तकनीकी समस्या पाई गई। समस्या के कारण इस कोच को सिक मार्क कर रैक से अलग करना पड़ा। यात्रियों की सुरक्षा और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने झांसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक से समन्वय किया और झांसी स्टेशन पर एक अतिरिक्त वातानुकूलित तृतीय श्रेणी कोच की व्यवस्था सुनिश्चित की। उन्होंने निर्देशित किया कि झांसी स्टेशन पर यात्रियों को नए कोच में सुचारू रूप से स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। बीना स्टेशन से गाड़ी को रवाना किया गया और झांसी स्टेशन पहुँचने पर अतिरिक्त कोच को ट्रेन में जोड़ा गया। यात्रियों को तत्परता से नए कोच में स्थानांतरित कर उनकी यात्रा को आरामदायक और सुरक्षित बनाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे के लिए यह प्राथमिकता है कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा से किसी भी स्थिति में समझौता न हो। यह सुनिश्चित किया गया कि तकनीकी समस्या के बावजूद यात्रियों की यात्रा बाधित न हो और वे अपने गंतव्य तक आरामदायक और सुरक्षित यात्रा करते हुए पहुंच सकें।

## इंवेस्टर समिट में भाग लेने भोपाल आ सकते हैं पीएम

भोपाल,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24-25 फरवरी को भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में भाग लेने के लिए राजधानी आ सकते हैं। गत दिवस कलेक्ट्रट सभागृह में समिट की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, एडीएम सिद्धार्थ जैन ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की और पीएम की सुरक्षा को लेकर पुलिस से चर्चा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी कार्य समय से पहले पूरे कर लिए जाएं।

## वर्तमान एवं पूर्व परिवहन मंत्री एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर लोकायुक्त पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाये : हेमंत कटारे

भोपाल (विलक्षण सक्सेना)। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आज मप्र विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये पूर्व परिवहन आरक्षक और भ्रष्टाचार का आरोपी सौरभ शर्मा की परिवहन विभाग में हुई फर्जी नियुक्ति को लेकर तत्कालीन परिवहन मंत्री भूपेन्द्र सिंह, तत्कालीन परिवहन आयुक्त और उनके निज सचिव पर सवाल उठाते हुये सौरभ शर्मा की फर्जी तरीके से हुई नियुक्ति की जांच की मांग की है। श्री कटारे ने सौरभ शर्मा की नियुक्ति का आदेश का साक्ष्य प्रस्तुत करते हुये बताया कि परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की नियुक्ति आदेश कमांक 6084/2016, दिनांक 29/10/2016 को जारी किया गया। यह आदेश तत्कालीन परिवहन मंत्री भूपेन्द्र सिंह की नोटशीट दिनांक 14/09/2016 के संदर्भ में प्रेषित किया गया था। जिसका उल्लेखल शासकीय नोटशीट में कलेक्टर ग्वालियर जो तत्कालीन परिवहन मंत्री द्वारा कलेक्टर, जिला ग्वालियर के पत्र क्रमांक क्यू/2ख/6-2/21/2016/10877 दिनांक 12/08/2016 का हवाला देकर सौरभ शर्मा को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने का प्रकरण अभिमत सहित मंत्री द्वारा चाहा गया था, किया गया है। श्री कटारे ने बड़ा खुलासा करते हुये कहा कि सौरभ शर्मा की नियुक्ति में मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कलेक्टर द्वारा शासन को प्रेषित पत्र में अपनी नोटशीट में उल्लेख किया, जबकि यह पत्र सीधे शासन को भेजा गया था। इस स्थिति में मंत्री को पत्र की जानकारी कैसे हुई, यह जांच का विषय है।

## फाइलों में दफन कोटरा हाट बाजार की किस्मत

भोपाल, (आरएनएस)। टीटी नगर क्षेत्र से चार किमी दूर कोटरा सुल्तानाबाद हाट बाजार की अव्यवस्था ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मुख्य मार्ग पर लगने वाली दुकानों व सडक के दोनों ओर पसरे अतिक्रमण के चलते यहां यातायात की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। यह समस्या सिर्फ ट्रैफिक्र जाम तक सीमित नहीं है, बल्कि पिछले 14 सालों में यहां नौ लोगों की मौत हो चुकी है। आलम यह है कि मुख्य मार्ग और फुटपाथ के अलावा, हाट बाजार की दुकानें लोगों के घरों के दरवाजों तक लग रही हैं। स्थानीय निवासी अपने घरों में ही कैद होकर रह गए हैं। बाजार को शिफ्ट करने की मांग कर रहे रहवासियों को हर बार आश्वासन देकर टाल दिया गया। जबकि 30 साल पुराने कोटरा हाट बाजार को शिफ्ट करने के लिए नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने डेढ़ साल पहले प्लानिंग की थी, लेकिन यह योजना कागजों से बाहर नहीं निकल सकी। जिस जगह हाट बाजार को शिफ्ट किया जाना था। वहां झुग्गियों के अलावा अस्थायी मछली मार्केट और मीट मार्केट लगने लगा है। चूंकि शहर को झुग्गी मुक्त बनाने की दिशा में कार्य योजना बनाई जा रही है।

# 1500 श्रद्धालुओं को लेकर रवाना हुई भोपाल की पहली कुंभ स्पेशल ट्रेन





भोपाल (निप्र)। महाकुंभ मेला 2025 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल द्वारा चलाई जा रही रानी कमलापति-बनारस-रानी कमलापति कुंभ मेला एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन आज सुबह 11:10 बजे रानी कमलापति स्टेशन से बनारस के लिए रवाना हुई। यह ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 02 से लगभग 1500 यात्रियों को लेकर चली। श्रद्धालु इस ट्रेन के माध्यम से महाकुंभ मेले में शामिल होने के लिए उत्साहित नजर आए। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं और यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए इस ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन भोपाल मंडल के रानी कमलापति, मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, बुदनी, नर्मदापुरम और इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरेगी। गाड़ी संख्या 01661 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 16.01.2025 से 20.02.2025 तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को सुबह 11:10 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 10:15 बजे बनारस पहुँचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 01662 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दिनांक 17.01.2025 से 21.02.2025 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दोपहर 14:45 बजे बनारस से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11:30 बजे रानी कमलापति पहुँचेगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्रियों की सुविधा और आराम को ध्यान में रखते हुए ट्रेन में कुल 22 डिब्बे शामिल किए गए हैं, जिनमें 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकॉनमी, 05 शयनयान श्रेणी और 02 सामान्य श्रेणी के डिब्बे शामिल हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए, ट्रेन के ठहराव मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी, सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदनमहल, जबलपुर जंक्शन, देवरी, सिहोरा रोड, कटनी जंक्शन, झुकेही, मैहर, सतना जंक्शन, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार स्टेशनों पर निर्धारित किए गए हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पूर्व रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करें और सुगम यात्रा सुनिश्चित करें।

## मैनेज होकर पत्रकार वार्ताएं करते हैं हेमंत कटारे : भूपेन्द्र सिंह

### मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री व विधायक भूपेन्द्र सिंह की कांग्रेस के उप नेता प्रतिपक्ष की पत्रकार-वार्ता को लेकर प्रतिक्रिया

भोपाल (विलक्षण सक्सेना)। पूर्व गृहमंत्री, वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कांग्रेस के नेता हेमंत कटारे द्वारा लगाए गए आरोपों को सिरे से खरिज करते हुए कहा कि हेमंत कटारे जी मैनेज होकर पत्रकार वार्ताएं करते हैं उसके कई उदाहरण है। पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मेरे परिवहन मंत्री के रूप में मेरे कार्यकाल में सौरभ शर्मा कभी भी मेरे विधानसभा क्षेत्र के चेकपोस्ट पर पदस्थ नहीं रहा। अगर कभी उसकी पोस्टिंग मालथौन चेकपोस्ट पर रही है तो हेमंत कटारे जी उसका आदेश व तारीख बताएं। यदि ये प्रमाणित करदें तो मैं राजनीति से सन्यास ले लूंगा, मैं हेमंत कटारे जी पर मानहानि का केस करूंगा। पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि, मैं हेमंत कटारे जी से पूंछना चाहता हूं कि ऐसी कौनसी नोटशीट है जिसमें मैनें सौरभ शर्मा की नियुक्ति के लिए अनुशंसा, सिफारिश या अनुमोदन किया हो। यह तो बहुत दूर की बात है, मैने विचार करने के लिए भी लिखा हो तो वह नोटशीट बताएं। उन्होंने कहा कि क्या पत्रकार वार्ता करके हेमंत कटारे जी सौरभ शर्मा व किसको को बचाना चाहते हैं जब जांच एजेंसियां जांच कर रहीं हैं, तब पत्रकार वार्ता का क्या औचित्य है। जांच में सब सामने आएगा। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने बताया कि हेमंत कटारे जी मैनेज होकर पत्रकार वार्ताएं करते हैं, यह कई मामलों में सिद्ध हो चुका है। विधानसभा में पहले जो आरोप लगाते हैं बाद में उसी के समर्थन में पत्र लिखते हैं। भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि हेमंत कटारे जी ने सुधीर शर्मा पर आरोप लगाया बाद में खंडन किया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के अवसर पर पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाते जनजातीय युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

# संक्षिप्त समाचार

## विदिशा के सांसद शिवराज सिंह की नगर निगम बनाने की मांग पर मुख्यंत्री डॉ. यादव ने लगाई मुहर

भोपाल, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामणी के अंतर्गत प्रदेश में इस साल 14 लाख पक्के मकान बनेंगे। यह जानकारी केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनके संसदीय क्षेत्र विदिशा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दी। पहले चरण में 8.21 लाख परिवारों को पक्के आवासों की सौगात दी गई। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा को नगर निगम बनाने की मांग की, जिस पर मुख्यमंत्री ने मुहर लगा दी। विदिशा में बुधवार को 177.53 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया। यहां गरीब परिवारों को आवंटन पत्र प्रदान किए गए तथा पीएम आवास योजना ग्रामीण के नवीन लक्ष्य का आवंटन भी हुआ। सिंगल क्लिक से 3932 आवासों का गृह प्रवेशम् कराया गया। साथ ही 44891 लखपति दीदीयों को प्रमाण पत्र दिए गए।

## महू के बाद टंट्या मामला की जन्म स्थली जा सकते हैं राहुल

भोपाल, (आरएनएस)। डॉ. अम्बेडकर की जन्मस्थली महू में कांग्रेस की होने जा रही अभियान रैली को सफल बनाने के लिए प्रदेश के कांग्रेस नेता तैयारियों में जुटे हैं। संगठन ने कार्यक्रम में एक लाख लोगों के पहुंचने का टारगेट को इंदौर, धार, खंडवाा और खरगोन जिले से ही पूरा करने का प्लान है। इसलिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, हनी सिंह बघेल के अलावा अरुण यादव, सचिन यादव और अन्य वरिष्ठ नेताओं को ज्यादा मेहनत करना पड़ रही है। बुंदेलखंड, बघेलखंड और ग्वालियर-चंबल के इलाके दूर होने से इन क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं की कम उपस्थिति रहेगी। महू संविधान अभियान रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और सांसद प्रियंका गांधी के शामिल होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी सहित अन्य नेता महू कार्यक्रम के बाद टंट्या मामा की जन्मस्थली भी जा सकते हैं।

## सांची के कर्मचारियों को अमूल के भरोसे न छोड़ें

भोपाल,(आरएनएस)। अगले पांच साल नेशनल डेयरी बोर्ड, सांची दुग्ध संघ का संचालन करेगा। इस ब्रांड का नए सिरे से मेकओवर करने पर 1500 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस फैसले को लेकर कर्मचारियों के हितों को संरक्षित रखने के लिए पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखा है। दिग्विजय सिंह ने पत्र मं लिखा कि सांची दुग्ध संघ के कर्मचारियों को अमूल पर आश्रित बनाकर न छोड़ा जाए। दूध सप्लायर्स का पत्र सीएम को भेजा दिग्वगयज सिंह ने सांची दुग्ध संध को दूध सप्लाई करने वाले दुग्ध प्रदायकों को पत्र भेजते हुए लिखा- मुझे यह बताया गया है कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सांची दुग्ध संघ भोपाल को एनडीडीबी (नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड) को सुधार हेतु सौंपा जा रहा है। आवेदकों ने मप्र शासन से दुग्ध संघ से जुड़े किसानों एवं कर्मचारियों के हितों के सुझाव संरक्षित रखे जाने का निवेदन कियाा है।

## बीएनएस को लेकर मुख्यमंत्रियों के साथ केंद्र की बैठक 17 को

भोपाल, (आरएनएस)। देश भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लागू होने के बाद से आ रही व्यवहारिक कठिनाईयों को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ 17 जनवरी को बैठक करेगा। इसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रेजेंटेशन देंगे। इसमें सबसे बड़ी समस्या राज्य के सामने लागू करने में बजट को लेकर आ रही है। संहिता में कहा गया है कि पुलिस में चल रहे मामलों को पेन ड्राइव उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है। अगर, विभिन्न अदालतों, पक्षकारों और विभागों को एक-एक पेन ड्राइव उलपब्ध कराया जाएगा तो इसमें राज्य को अरबों रुपए बजट की जरूरत होगी।

## अब जेपी अस्पताल में कम दरों पर हो सकेगी मरीजों की एमआरआई जांच

भोपाल, (आरएनएस)। जेपी अस्पताल में मरीजों को कम रेट पर एमआरआई (मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग) जांच की सुविधा की आपचारिक शुरुआत कर दी गई। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने गत दिवस इसका शुभारंभ किया। हालांकि, सुविधा को शुरु हुए पांच दिन बीत चुके हैं। हर रोज दस से 12 मरीजों को एमआरआई स्कैनिंग की सुविधा मिलेगा। शुभारंभ अवसर पर डिप्टी सीएम के साथ अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मालूम हा कि अस्पताल में 1.5 टेस्ला एमआरआई मशीन लगाई गई है। यहां सीजीएचएस (केंद्र की तस दरों) से भी कम दरों पर जांच होगी। स्वास्थ्य विभाग ने पीपीटी के तहत कृष्णा डायेग्नोस्टिक्स लिमिटेड के जरिए यह सुविधा उपलब्ध करवाई है।

## विक्रमोत्सव उज्जैन में वाहन खरीदी पर मिलेगी रोडटैक्स में छूट

भोपाल, (आरएनएस)। ग्वालियर के बाद अब उज्जैन के व्यापार मेले में वाहन खारीदी पर पचास फीसदी रोड टैक्स पर सरकार छूट देगी। इस पर गत दिवस मोहन कैबिनेट ने मोहर लगा दी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों को बताया कि ग्वालियर मेला और विक्रमोत्सव उज्जैन में मोटरयान करों में छूट के आदेश जारी कर दिए गए हैं। मंत्रालय में हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। इसी तरह मंत्रिपरिषद में प्रत्येक जिलों में बैड स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी सहमति प्रदान कर दी। उल्लेखनीय है कि सीएम ने हर जिले में बैड शुरु करने का ऐलान किया था। इसके लिए 932 पद भी स्वीकृत किए गए हैं।

# भागवत के बयान पर उबल रही सियासत, अब सीएम मोहन यादव की एंट्री, राहुल गांधी पर किया पलटवार

इंदौर (ए.)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का इंदौर में दिया गया बयान अब देश के सियासत में उबाल ला रहा है। उनके संविधान पर दिए वक्तव्य पर राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई लोगों की प्रतिक्रिया सामने आ चुकी है। अब मामले में प्रदेश के मुखिया मोहन यादव और कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने पलटवार किया है। आइए मामले को सिलसिलेवार समझते हैं।

सबसे पहले जान लीजिए मोहन भागवत क्या बोले थे, भागवत ने इंदौर में देवी अहिल्या राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में कहा था कि अनेक शतकों से पर चक्र झेलने वाले भारत की सच्ची स्वतंत्रता की प्रतिष्ठा उस दिन हो गई थी। स्वतंत्रा थी, लेकिन प्रतिष्ठित नहीं। 15 अगस्त को भारत को राजनीतिक स्वतंत्रता मिल गई। हमने अपना संविधान भी बनाया, लेकिन संविधान भाव के अनुसार वह चला नहीं। भागवत के इस बयान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आपत्ति ली है।



**राहुल ने साधा था निशाना**

अब इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस के नए कार्यालय के उद्घाटन के दौरान आरएसएस और भाजपा पर निशाना साधते हुए दिए बयानों पर राजनीति गरमाने लगी है। राहुल ने कहा था कि कांग्रेस न सिर्फ भाजपा व आरएसएस, बल्कि इंडियन स्टेट से भी लड़ाई लड़ रही है। दोनों ने देश के सभी संस्थानों पर कब्जा कर लिया है।

राहुल ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान को भी संविधान पर हमला बताते हुए कहा कि भागवत कह रहे हैं कि 1947 में भारत को सच्ची आजादी नहीं मिली। उनका बयान भारतीय नागरिक का अपमान है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि यदि मोहन भागवत इसी तरह से बयान देते रहे तो देश में उनका घूमना-फिरना मुश्किल हो जाएगा। आरएसएस और बीजेपी के लोगों को (1947 में मिली) देश की आजादी याद नहीं है क्योंकि उनके वैचारिक पूर्वजों की ओर से आजादी की जंग में कोई योगदान नहीं दिया है। ऋस्स-क्ष्छ्क के लोगों को आजादी का दिन इसलिए याद नहीं, क्योंकि उन लोगों ने देश की आजादी में कोई योगदान नहीं दिया।

**सीएम ने किया पलटवार**

राहुल के बयान पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कांग्रेस देश विरोधी तरीके से अपनी पहचान बना रही है। राहुल गांधी इसके सिरमौर है।

कांग्रेस के नेता आतंकवादियों के नाम सम्मानजनक तरीके से लेते है। कांग्रेस देश विरोधी ताकतों के साथ खड़ी रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी भूल गए हैं कि वे लोकतंत्र के दूसरे सबसे बड़े पद पर बैठे हुए हैं। देश की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। उन्हें अपने बयान के लिख खेद व्यक्त करना चाहिए।

## स्पा सेंटर में चल रहा था देह व्यापार, संचालिका महिला समेत छह युवती और तीन युवक गिरफ्तार



जबलपुर (ए.)। जबलपुर जिले के विजय नगर थाना अंतर्गत हॉट बाजार के समीप स्थित स्पा सेंटर में देह व्यापार चर रहा था। पुलिस ने दबिश देकर स्पा सेंटर की संचालिका महिला समेत 6 युवतियों और 3 युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

विजय नगर थाना प्रभारी वीरेंद्र पवार के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि हॉट बाजार में एक महिला द्वारा संचालित "आओ स्पा सेंटर" में देह व्यापार का अनैतिक कारोबार किया जा रहा है। इसके लिए महिला ने एक असिस्टेंट को भी रखा था। सूचना के आधार पर पुलिस ने बुधवार रात स्पा सेंटर पर दबिश दी।

दबिश के दौरान पुलिस को स्पा सेंटर में संचालिका, उसकी असिस्टेंट और पांच युवतियां मिलीं। इनमें से तीन युवतियां और तीन युवक आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए। इसके अलावा, पुलिस को स्पा सेंटर से अनैतिक सामग्री भी बरामद हुई। पुलिस ने सामग्री जब्त करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। स्पा सेंटर की संचालिका, उसकी असिस्टेंट और अन्य युवतियों के मोबाइल से कई नंबर और वॉट्सऐप ग्रुप भी बरामद हुए हैं, जिनकी जांच जारी है।

**पहले भी की गई है कार्रवाई**

गौरतलब है कि विजय नगर थाना क्षेत्र में कई स्पा सेंटर संचालित हो रहे हैं। पुलिस ने पूर्व में भी कई स्पा सेंटरों में दबिश देकर देह व्यापार में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इन स्पा सेंटरों के संचालकों और वहां काम करने वाली युवतियों के कारण कई आपराधिक घटनाएं भी घटित हुई हैं।

## पति की प्रेमिका की हत्या करने वाली महिला को आजीवन कारावास, खाई में मिला था कंकाल



कटनी (ए.)। कटनी जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में पति की प्रेमिका की हत्या करने वाली दोषी महिला को कोर्ट ने आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश एसवीएस बुंदेला की अदालत ने इस मामले में आरोपी सम्मोबाई (38 वर्ष), निवासी ग्राम सिमरिया, थाना कुंडम, जिला जबलपुर, को दोषी ठहराया।

बता दें कि 3 फरवरी 2021 को बंजारी माता नाला स्थित खाई में एक महिला का कंकाल मिला था। ग्राम हल्का के कोटवार को यह जानकारी जानवर चराने वाले कुछ लोगों ने दी थी। पुलिस जांच में पाया गया कि महिला की हत्या कर शव को खाई में फेंका गया था।

**हत्या का कारण**

पुलिस जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी सम्मोबाई को अपने पति और मृतका रुक्मिणी बाई के बीच प्रेम संबंध होने की जानकारी थी। इसी कारण गुस्से में आकर उसने कुल्हाड़ी से रुक्मिणी बाई की हत्या कर दी और शव को खाई में फेंक दिया।

**अभियोजन और सजा**

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक केके तिवारी ने मामले की पैरवी की। वैज्ञानिक साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने सम्मोबाई को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 1,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

## भांग से सजे महाकाल, केंद्रीय मंत्री मेघवाल और नवागत जिला अध्यक्ष ने किए बाबा के दर्शन

उज्जैन (ए.)। श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार को तृतीया तिथि पर सुबह हुई भस्मारती के दौरान बाबा महाकाल का भांग से आकर्षक श्रृंगार किया गया। जिसने भी इन दिव्य दर्शनों का लाभ लिया वह देखता ही रह गया। भक्तों को दर्शन देने के लिए आज बाबा महाकाल सुबह 4 बजे जागे। उसके बाद बाबा महाकाल का पूजन अर्चन कर भस्म अर्पित की गई। भस्म आरती में पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि पौष माह माघ कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि गुरुवार पर आज बाबा महाकाल सुबह 4 बजे जागे। भगवान वीरभद्र और मानभद्र की आज्ञा लेकर मंदिर के पट खोले गए। जिसके बाद सबसे पहले भगवान को गर्म जल से स्नान करवाकर दूध, दही, शहद, शक्कर, घी आदि पंचामृत से स्नान कराया गया।

## मावठे से गेहूं को फायदा, चना, मटर को नुकसान, सब्जियों में कीट का खतरा, कृषि वैज्ञानिकों ने दी



दमोह (ए.)। दमोह जिले में मावठे की बारिश से कुछ फसलों को नुकसान हो सकता है। गेहूं की ग्रोथ बढ़ेगी, लेकिन चना और मसूर को नुकसान होने के साथ सब्जियों में कीट लगने की संभावना है। रविवार को इस सीजन में दूसरी बार मावठे की बारिश हुई थी। इससे एक बार फिर ठंड बढ़ गई है और अब शीतलहर का दौर चल रहा है। मौसम विभाग ने एक बार फिर हल्की-हल्की बारिश की संभावना जताई है।

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार बारिश से गेहूं की फसल में ग्रोथ होगी, जबकि चना, मसूर और मटर को नुकसान पहुंच सकता है। चना और मसूर में फंगस रोग के बढ़ने की संभावना है, जिससे फलियां कम बनने और पैदावार पर असर पड़ता है। सरसों और मसूर में माहू का प्रकोप हो सकता है। वहीं, सब्जियों की फसल को भी नुकसान की आशंका है। बारिश के बाद मौसम साफ होने पर इसका असर फसलों पर दिखेगा, जिससे किसान चिंतित हैं।

**चना, मसूर का फूल गिरने का खतरा बढ़ा**

जिन किसानों ने चना, मसूर और मटर की सिंचाई कर दी है और फसलों में फूल आ गए हैं, वहां सबसे ज्यादा खतरा है। बारिश के कारण फूल झड़ने लगते हैं और फंगस (उगठा) रोग तेजी से पनपता है। इसके अलावा इल्ली भी लग जाती है। सरसों में माहू रोग भी तेजी से बढ़ सकता है।

## तहसीलदार शत्रुघन के खिलाफ दुष्कर्म का मामला, 17 साल से पत्नी बनाकर शारीरिक शोषण करने का आरोप

ग्वालियर (ए.)। ग्वालियर के तहसीलदार शत्रुघन सिंह चौहान पर 17 साल तक शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म और यौन शोषण का आरोप लगा। महिला ने बताया कि चौहान ने शादीशुदा होने की बात छिपाकर सिंदूर भरकर विवाह किया। शिकायत पर चौहान का तबादला भू-राजस्व कार्यालय किया गया।

## काजी जी! न्याय करो, नहीं तो थाना बदल लो... जीतू पटवारी ने टीआई की लगा दी क्लास, जानें मामला



देवास (ए.)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे एक थाना प्रभारी तहजीब काजी को जमकर फटकार लगा रहे हैं। साथ ही उनके खिलाफ धरना देने की बात कह रहे हैं।

दरअसल, पूरा मामला देवास जिले के कन्नौद थाने के कुसमानिया का है, जहां दो पक्षों में किसी मामले को लेकर विवाद हो गया था। इस विवाद को लेकर एक शख्स अपनी फरियाद लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के पास पहुंचा। फरियादी ने पटवारी को बताया कि कन्नौद थाने में उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। शिकायत सुनने के बाद जीतू पटवारी ने देवास एसपी पुनीत गहलोत को फोन कर कन्नौद थाना प्रभारी की शिकायत की और पूरे मामले से अवगत करवाया। इसके बाद उन्होंने कन्नौद थाना टीआई तहजीब काजी को फोन लगाया और उनकी जमकर क्लास लगाई। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की बात करते हुए पटवारी ने सख्त लहजे में कहा, "क्यों काजी जी, न्याय करो नहीं तो थाना बदल लो।

**पटवारी ने क्या कहा?**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने थाना प्रभारी तहजीब काजी को फोन लगाकर मामले की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने सख्त लहजे में कहा, "क्यों थाना प्रभारी जी, उस दिन मैंने आपके इशारों को समझ लिया था। आपके समझ में नहीं बनेगी। कुसमानिया में इन लोगों के साथ मारपीट हुई है। एक बच्चा भर्ती है, लेकिन आपने दूसरे पक्ष को अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया? किस कागज का इंतजार कर रहे हो? क्या आपको मृत्यु प्रमाण पत्र चाहिए? या तो आप न्याय करो या थाना बदल लो। जब मैं कन्नौद पहुंचा, तो सब आपकी शिकायत कर रहे थे। आपके खिलाफ बहुत शिकायतें हो गई हैं। अब मैं आपके खिलाफ धरना देने आ जाऊंगा।"

**सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और थाना प्रभारी तहजीब काजी के बीच फोन पर हुई बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में जीतू पटवारी थाना प्रभारी को फटकार लगाते हुए उनके खिलाफ धरने की बात करते हुए नजर आ रहे हैं।

## बयान के लिए जीतू यादव को खोज रही पुलिस, इंदौर से बाहर होने की जानकारी मिली



इंदौर (ए.)। इंदौर के भाजपा पार्षद कमलेश कालरा के घर पर हुए हमले के मामले पुलिस ने पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अब तक 15 से ज्यादा आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके है, लेकिन हमले के मुख्य आरोपी जीतू के चचेरे भाई अवि अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि कुछ आरोपी जीतू के साथ ही शहर से बाहर है,हालांकि अब तक पुलिस ने यादव को आरोपी नहीं बनाया है, लेकिन इस मामले में पुलिस जीतू को बयान के लिए खोज रही है। आरोपी बनाए जाने के भय से जीतू फिलहाल शहर से गायब है। पुलिस को उसकी मोबाइल लोकेशन पांच दिन पहले कुलकर्णी भट्टा क्षेत्र में ही मिली थी। उसके दोनो मोबाइल भी बंद है।

पुलिस ने कालरा के घर पर हुए हमले के मामले में 40 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए है। बुधवार रात इस मामले में शैलेंद्र उर्फ पिंटू,विशाल गोस्वामी,गोलू उर्फ अभिजीत,धीरज पिता शिवजीत शिंदे और संतोष को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने सिहोर के समीप एक ढ़ाबे से गिरफ्तार किया है।

**अटैच गाड़ियां हटाई**

नगर निगम के वर्कशॉप विभाग ने यादव के परिवार के दो वाहनों को हटाया है। यादव इस विभाग का प्रभारी था। उसके रिश्तेदारों की एक पोकलेन और एक जेसीबी अटैच की गई थी। जिसे हटा दिया है। महापौर परिषद सदस्य होने के नाते यादव को मिले वाहन और हर माह मिलने वाले डीजल की सुविधा समाप्त कर दी है।

## व्यापार समाचार

# मोदी सरकार का कर्मचारियों को तोहफा, आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी

नई दिल्ली (ए.)। नए साल में केंद्र सरकार ने लाखों केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने गुरुवार को आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देने का एलान कर दिया। गठन के बाद आयोग की रिपोर्ट के आधार पर कर्मचारियों की सैलरी और पेंशनधारकों के पेंशन में इजाफा होगा। लाभान्वित होने वाले लोगों की संख्या एक करोड़ से अधिक होगी।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देने का फैसला लिया गया। 7वें वेतन आयोग का गठन 2016 में किया गया था और इसका कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा। वैष्णव ने आगे कहा कि आयोग के अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी।




**एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनधारकों को मिलेगा लाभ**

सरकार के इस कदम का इंतजार एक करोड़ से अधिक केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को था। ये अपने मूल वेतन, भत्ते, पेंशन और अन्य लाभों को संशोधित करने में मदद के लिए आयोग के गठन की आस लगाए थे। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा करते हुए कहा कि आयोग का गठन 2026 तक हो जाएगा। उन्होंने आगे दोहराया कि सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें पहले ही लागू की जा चुकी हैं। सरकार बाद में सदस्यों सहित आयोग के अन्य विवरणों के बारे में जानकारी देगी। सातवें वेतन आयोग ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन ढांचे, भत्तों और पेंशन में महत्वपूर्ण बदलाव किए है।

# निजी वाहनों के लिए टोल संग्रह के बदले मासिक और वार्षिक पास

### वाणिज्यिक वाहनों से आता है टोल राजस्व का 74 प्रतिशत हिस्सा

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी वाहनों के लिए टोल संग्रह के बदले मासिक और वार्षिक पास शुरू करने की योजना बना रही है। एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि टोल संग्रह बूथ गांवों के बाहर बनाए जाएंगे। टोल राजस्व का 74 प्रतिशत हिस्सा वाणिज्यिक वाहनों से आता है। हम निजी वाहनों के लिए मासिक या वार्षिक पास शुरू करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुल टोल संग्रह में निजी वाहनों की हिस्सेदारी केवल 26 प्रतिशत है, इसलिए सरकार को कोई नुकसान नहीं होगा। गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने शुरुआत में राष्ट्रीय राजमार्गों पर फास्टैग के साथ एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में बाधा रहित वैश्विक नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) आधारित टोल संग्रह प्रणाली को लागू करने का फैसला किया है। ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) आधारित टोल संग्रह प्रणाली वर्तमान टोल संग्रह प्रणाली से बेहतर होगी।



## शेयर बाजार में लौट रहा निवेशकों का भरोसा, सेंसेक्स-निफ्टी तीसरे दिन हरे निशान पर बंद



नई दिल्ली (ए.)। घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ क्लोजिंग हुई। वायदा कारोबार की एक्सपायरी के दिन सेंसेक्स 318.74 (0.41%) अंकों की बढ़त के साथ 77,042.82 के स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 98.60 (0.42%) अंक उछलकर 23,311.80 पर बंद हुआ। गुरुवार को रुपया 16 पैसे की गिरावट के बाद 86.56 पर बंद हुआ। तीसरी तिमाही के नतीजों से पहले रिलायंस के शेयरों में 2% प्रतिशत की तेजी जबकि इंफोसिस के शेयरों में 1% की गिरावट दिखी गई।

## GDP में रियल एस्टेट का 53% योगदान; होम लोन के मूलधन-ब्याज पर बढ़े कटौती की सीमा, सस्ते मकानों पर हो जोर



नई दिल्ली (ए.)। रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने इस क्षेत्र के समक्ष आने वाली गंभीर चुनौतियों के समाधान के लिहाज से आगामी बजट के लिए कई सुझाव दिए हैं। इन सुझावों में किफायती आवास की परिभाषा में बदलाव और सस्ते मकान बनाने के लिए रियल एस्टेट कंपनियों को टैक्स के मोर्चे पर राहत देना भी शामिल है।

सरकार को सस्ते मकानों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए एक फरवरी को पेश होने वाले बजट-2025 में किफायती आवास योजनाओं पर आयकर की दर घटाकर सिर्फ 15 फीसदी कर देनी चाहिए। इसके अलावा, होम लोन पर चुकाए जाने वाले मूलधन और ब्याज पर कटौती की सीमा भी बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।

रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने इस क्षेत्र के समक्ष आने वाली गंभीर चुनौतियों के समाधान के लिहाज से आगामी बजट के लिए कई सुझाव दिए हैं। इन सुझावों में किफायती आवास की परिभाषा में बदलाव और सस्ते मकान बनाने के लिए रियल एस्टेट कंपनियों को टैक्स के मोर्चे पर राहत देना भी शामिल है। क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा, जीडीपी, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे में अपने योगदान के साथ रियल एस्टेट क्षेत्र हमेशा राष्ट्र निर्माण में आगे रहा है। देश की जीडीपी में करीब 53 फीसदी योगदान करने वाले और आठ करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले इस क्षेत्र के पास उन 40 करोड़ भारतीयों की आवास जरूरतों का पूरा करने की कुंजी है, जिनके पास मकान नहीं है।

## हिंडनबर्ग रिसर्च के बंद होने की खबरों के बाद अदाणी के शेयरों में तेजी, कीमतें 9 फीसदी तक उछलीं


नई दिल्ली (ए.)। अदाणी समूह के शेयरों में गुरुवार, 16 जनवरी को 9% तक की उछाल आई। यह उछाल हिंडनबर्ग रिसर्च के बंद होने की खबरों के बाद आई है। यह अमेरिकी निवेश फर्म है जो अपनी शॉर्ट-सेलिंग गतिविधियों के लिए जानी जाती है। अदाणी पावर के शेयर 9% उछलकर बीएसई पर 599.90 रुपये के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए, अदाणी ग्रीन एनर्जी 8.8% उछलकर 1,126.80 रुपये पर पहुंच गई।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## बांग्लादेश में फिर टकराव की आशंका

एक दूसरे पर हमले करने के लिए ये गुट शेख हसीना को मुद्दा बना रहे हैं। इस माहौल से फिर टकराव की आशंकाएं गहरा रही हैं। लोगों में भी मायूसी है। धारणा बनने लगी है कि अगस्त में हुआ बदलाव व्यर्थ जा रहा है। बांग्लादेश में जिन सियासी ताकतों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ आंदोलन में जबरदस्त एकता दिखाई थी, अब उनके बीच टकराव तीखा हो रहा है।नए चुनाव कराने के सवाल पर अंतरिम सरकार के रुख ने अन्य समूहों में अंदेशा पैदा किया है कि बीते अगस्त में फौरी तौर पर देश की कमान संभालने आए शासकों को सत्ता का स्वाद लग गया है।अब वे चुनाव नहीं कराना चाहते। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस और सरकार में शामिल पूर्व छात्र नेताओं के कुछ बयानों के बाद बांग्लादेश नेशलनिस्ट पार्टी (बीएपनी) सहित अन्य दल अंतरिम शासकों के खिलाफ खुल कर बोलने लगे हैं। इन बयानों का संदेश था कि चुनाव कराना अंतरिम सरकार की प्राथमिकता नहीं है।तब से आरोप लगाए गए हैं कि अंतरिम सरकार जानबूझ कर चुनाव में देर कर रही है। संदेह जताया गया है कि हसीना को सत्ता से बाहर करने के बाद मोहम्मद यूनुस और उनके छात्र समर्थक बीएनपी को भी रास्ते से हटाना चाहते हैं।हसीना के देश से जाने के बाद उनकी पार्टी अवामी लीग के नेताओं के ख़िलाफ़ हत्या समेत अलग-अलग आरोपों में मामले दर्ज होने का सिलसिला शुरू हुआ था।उधर प्रमुख विपक्षी पार्टी बीएनपी की अध्यक्ष ख़ालिदा जिया़ के खिलाई कई मामलों में सज़ा रद्द की गई। जमात-ए-इस्लामी के भी कई नेता और कार्यकर्ता जेल से रिहा हुए।तब लग रहा था कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार, बीएनपी, जमात और आंदोलनकारी छात्र नेता एकजुट हैं। लेकिन अब सूरत बदल गई है।एक दूसरे पर हमले करने के लिए ये गुट शेख हसीना को मुद्दा बना रहे हैं। एक दूसरे पर इल्जाम लगाए गए हैं कि वे हसीना के प्रति नरम रुख अपना रहे हैं।बीएनपी ने कहा है कि अंतरिम सरकार और जमात भारत के साथ अपने रिश्ते अच्छे करने के लिए हसीना को माफ़ कर देना चाहते हैं।इसके बाद जमात-ए-इस्लामी पार्टी ने बीएनपी पर कड़ा हमला किया। इस माहौल से देश में फिर टकराव की आशंकाएं गहरा रही हैं। लोगों में भी मायूसी है। ये धारणा बनने लगी है कि अगस्त में हुआ बदलाव व्यर्थ जा रहा है।



बीटिंग द रिट्रीट 2025 के औपचारिक मार्चिंग दल के भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के कर्मी नई दिल्ली में मीडिया प्रीव्यू के दौरान समूह फोटो के लिए पोज देते हुए।

# सर्दी की ठिठुरन से मौते

**अनिल जैन**

नया साल शुरू हो चुका है, और उससे पहले शुरू हो गई कंपकंपा देने वाली सर्दी। इस समय भी देश के विभिन्न इलाकों में शीत लहर कहर बरपा रही है, जिससे हर साल की तरह देश के विभिन्न इलाकों से लोगों के मरने की खबरें भी आ रही हैं। अब तक 150 से ज्यादा लोग सर्दी की ठिठुरन से मौत की नींद सो चुके हैं। वैसे इस तरह की खबरें आना कोई नई बात नहीं है। कहीं भूख और कुपोषण से होने वाली मौतें तो कहीं गरीबी और कर्ज के बोझ से त्रस्त किसानों और छोटे कारोबारियों की खुदकुशी के जारी सिलसिले के बीच हर साल ही सर्दी की ठिठुरन, गरम लू के थपेड़ों और बारिश-बाढ़ से भी लोग मरते ही रहते हैं। मौसम की अति के चलते असमय होने वाली ये मौतें हमारे उस भारत की नग्न सच्चाइयां हैं, जिसके बारे में दावा किया जाता है कि वह तेजी से विकास कर रहा है, और जल्द ही दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। ये सच्चाइयां सिर्फ हमारी सरकारों के हवा-हवाई कार्यक्रमों और पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हो जाने जैसे गुलाबी दावों की ही खिल्ली नहीं उड़ातीं, बल्कि व्यवस्था पर काबिज लोगों की नालायकी और संवेदनहीनता को भी उजागर करती हैं।वैसे, सर्दी हमारे नियमित मौसम चक्र का ही हिस्सा है। कड़ाके की सर्दी इसका हल्का सा विचलन भर है। सर्दी और भीषण सर्दी अंत में हमें कई तरह से फायदे ही पहुंचाती हैं। सबसे बड़ी बात है कि कड़ाके की सर्दी हमें आस्त करती है कि ग्लोबल वार्मिंग उतनी सन्निकट नहीं है, जितना कि अक्सर हम मान बैठते हैं। ज्यादातर भारतीय इस मायने में खुशनसीब हैं कि उन्हें मौसम की विविधताएं देखने को मिलती हैं। अन्यथा



दुनिया में ऐसे कम ही इलाके हैं, जहां हर मौसम का मजा लिया जा सके। हर मौसम अपने रौद्र रूप में भी सुंदर होता है, बशर्ते उसकी मार से लोगों को बचाने के इंतजामात हो। दुनिया में संभवत: भारत ही ऐसा एकमात्र देश है, जहां हर मौसम की अति होने पर लोगों के मरने की खबरें आने लगती हैं। लेकिन हकीकत यह भी है कि लोग मौसम की अति से नहीं मरते हैं, वे मरते हैं अपनी गरीबी से, अपनी साधनहीनता से और व्यवस्था तंत्र की नाकामी या लापरवाही की वजह से। यूरोप के देशों में सरकारें मौसम की अति का मुकाबला करने के चाक-चौबंद इंतजाम करती हैं, इसलिए वहां लोग हर मौसम का तरह-तरह से लुत्फ उठाते हैं। हमारे देश में भी खाया-अघाया तबका ऐसा ही करता है, जिसके पास हर मौसम की अति का सामना करने और उसका लुत्फ उठाने के पर्याप्त साधन हैं। भारत के ज्यादातर हिस्सों में यूरोप जैसी ठंड नहीं पड़ती, लेकिन हमारे यहां जब हिमालय परिवार की पहाडियों पर गिरने वाली बर्फ से मैदानी इलाकों में शीत लहर चलती है, तो देश के विभिन्न इलाकों में सर्दी की ठिठुरन से होने वाली मौतों के आंकड़े आने लगते हैं। हकीकत यह है कि अगर समूचे भारत के आंकड़े इकट्ठे किए जाएं तो हर साल सर्दी से मरने वालों की संख्या हजारों में पहुंचती है। ज्यादातर मौतें बड़े शहरों और महानगरों में होती हैं। जो मरते हैं, उनमें से ज्यादातर बेघर होते हैं। ऐसे लोग काम की तलाश में दूरदराज के इलाकों से बड़े शहरों या महानगरों में जाते हैं, ताकि मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार के जिंदा रह सकने लायक कुछ कमा सकें। इनमें कोई साइकिल रिक्शा चलाते हैं, कोई रेस्तरांओं और ढाबों में काम करते हैं, तो कोई किसी और काम में लग जाते हैं। लेकिन चूंकि ऐसे लोगों के पास रहने के लिए अपना कोई ठिकाना नहीं होता है, इसलिए खुले आसमान के नीचे रात गुजारना उनकी मजबूरी होती है।गरमी या दूसरे मौसम में तो किसी तरह उनकी रातें कट जाती हैं, लेकिन कड़ाके की शीत लहर में एक रात भी सुरक्षित बीत जाने पर वे असीम राहत महसूस करते हैं। अगर वे सर्दीजनित किसी बीमारी की चपेट में आ जाते हैं, तो उनके पास इतने पैसे भी नहीं होते हैं कि अपना इलाज करा सकें। सर्दी के दिनों में ऐसे जानलेवा हालात का सामना करने वाले लोगों की तादाद लाखों में होती है। सवाल यह है कि अगर इन लोगों के सामने साधनहीनता एक लाचारी है, तो कल्याणकारी मूल्यों पर चलने का दावा करने वाली सरकारों की क्या कोई जिम्मेदारी बनती है कि नहीं ?दरअसल, शहरी और अर्धशहरी इलाकों में मौसम की मार से लोगों के मरने के पीछे सबसे बड़ी वजह है शहरी नियोजन में सरकारी तंत्र की अदूरदर्शिता। जब से आवासीय कॉलोनियों की बसावट के मामले में विकास प्राधिकरणों और गृह निर्माण मंडलों की बजाय निजी भवन निर्माताओं और कॉलोनाइजरों का दखल बढ़ा है, तब से रोज कमा कर रोज खाने वालों और बेघर लोगों के लिए आवासीय योजनाएं हाशिए पर खिसकती गई हैं। करोड़ों लोग आज भी फुटपाथों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर या टाट और प्लास्टिक आदि से बनी झोपडियों में रात बिताते हैं। बहुत से लोगों के पास तो पहनने को गरम कपड़े या ओढने को रजाई-कंबल तो दूर तापने को सूखी लकडियां तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे लोगों को मौसम की मार से बचाने के लिए अदालतें हर साल सरकारों और स्थानीय निकायों को लताड़ती रहती हैं, लेकिन सरकारी तंत्र की मोटी चमड़ी पर ऐसी लताड़ों का कोई असर नहीं होता है।


# एक और खतरनाक वायरस एचएमपीवी की दस्तक

**योगश कुमार गोयल**

वर्ष 2020 में चीन से शुरू होकर कोरोना ने पूरी दुनिया में जो दहशत मचाई, उसे याद करके आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कोरोना महामारी के भयावह दौर में दुनिया भर में लाखों लोग मारे गए, लाखों परिवार उजड़ गए, अनेक बच्चे अनाथ हो गए।अभी तक कोरोना का खौफ बरकरार है, और कोरोना की शुरुआत के 5 साल बाद अब चीन से ही एक और ऐसे ही खतरनाक वायरस की दस्तक की खबरें दुनिया के सामने आ रही हैं, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि यह वायरस कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है। भारत में कर्नाटक, गुजरात और पश्चिम बंगाल में कुछ बच्चों में नये वायरस के मामले मिल चुके हैं, जिसके बाद भारत में सतर्कता बढ़ा दी गई है। बताया जा रहा है कि यह वायरस बच्चों और बुजुगरे को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहा है। कमजोर प्रतिरक्षा वाले रोगियों में यह संक्रमण निमोनिया में परिवर्तित हो जाता है, और उनमें मौत का जोखिम बढ़ जाता है। हाल के दिनों में कई रिपोटरे में बताया जा चुका है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) नामक वायरस ने इन दिनों चीन में दहशत फैला रखी है।

इस खतरनाक वायरस के कारण बड़ी संख्या में मरीज मर रहे हैं, लेकिन कोविड की ही भांति चीन द्वारा इसे लेकर भी लीपापोती की जा रही है। हालांकि कुछ रिपोटरे में दावा किया जा रहा है कि इस वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि उत्तर चीन के प्रांतों में 14 वर्ष से कम उम्र के लोगों में एचएमपीवी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। खचाखच भरे अस्पताल और श्मशानों में बेतहाशा भीड़ इस संकट के कोरोना जैसा या उससे भी बदतर होने की पुष्टि कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर सार्स-सीओवी-2 (कोविड-19)' नामक एक्स हैंडल द्वारा पोस्ट में लिखा गया है कि चीन एचएमपीवी, इन्फ्लूएंजा ए,



माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया और कोविड-19 सहित कई वायरस के मामलों में उछाल का सामना कर रहा है, और वहां के अस्पताल निमोनिया और व्हाइट लंग' के मामलों से खासे परेशान हैं। एचएमपीवी वायरस का प्रकोप भी सबसे पहले चीन में ही शुरू हुआ है। दरअसल, बर्ड फ्लू से लेकर सार्स और कोविड तक सभी महासंहारक वायरल प्रकोपों की उत्पत्ति चीन से ही होती रही है।चूंकि सभी वायरस चीन में ही पैदा होते रहे हैं, इसलिए ऐसे वायरस हमलों को लेकर दुनिया में चीन को लेकर संदेह का माहौल बना हुआ है कि कहीं कोविड-19 के बाद खतरनाक होता एचएमपीवी भी चीन की जैविक प्रयोगशालाओं में रची जा रही साजिश तो नहीं है। हालांकि डच शोधकर्ताओं ने 2001 में सबसे पहले सन संबंधी बीमारियों से पीड़ित बच्चों में इस वायरस की खोज की थी और हर साल कई देशों में इसके कुछ मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन चीन में जिस तरह इस वायरस ने आतंक मचाया हुआ है, ऐसे में भारत ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र स्थिति पर नजर रखे हुए है तथा अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के संपर्क में है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल का कहना है कि बताया गया है कि चीन में मेटान्यूमोवायरस वायरस का एक आउटब्रेक है, जो गंभीर है। हालांकि उनका कहना है कि हमें नहीं लगता कि भारत में किसी गंभीर स्थिति की आशंका है।दिल्ली मेडिकल काउंसिल के चेयरमैन एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण गुप्ता का कहना है कि भारत में इस वायरस के कारण बीमारी बढने की अभी आशंका नहीं है। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के अनुसार, एचएमपीवी सभी उम्र के लोगों में अपर और लोअर रेस्पिरेटरी डिजीज का कारण बन सकता है। संक्रमित व्यक्ति के खांसने-छींकने से निकलने वाले स्त्रव या नजदीकी संपर्क जैसे हाथ मिलाने से भी यह वायरस फैलता है। एचएमपीवी वायरस न्यूमोवायराइड और मेटान्यूमो वायरस जीनस का हिस्सा है, जो सिंगल-स्ट्रैंडेड नेगेटिव-सेंस आरएनए वायरस है।चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, इस वायरस का संक्रमणकाल तीन से पांच दिन होता है। इसके संक्रमण से रोग-प्रतिरोधी क्षमता कमजोर होती है। एचएमपीवी कोरोना की ही भांति सन पथ को संक्रमित करता है, हालांकि कोरोना के मुकाबले इसके कारण ऊपरी और निचले, दोनों सन पथ में संक्रमण का खतरा हो सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह कम पहचाना वायरस है, लेकिन दुनिया भर में मौसमी सन बीमारियों में योगदान कर रहा है। एचएमपीवी में कोरोना ही भांति फ्लू जैसे लक्षण दिखते हैं। सामान्य लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ शामिल हैं। इससे बचाव के उपायों में हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोना, खांसते और छींकते समय मुंह और नाक ढंकना, संक्रमितों से दूरी बनाना, स्वस्थ आहार और पर्याप्त नींद लेना, फ्लू के टीके लगवाना इत्यादि शामिल हैं।



# आज का राशिफल

मेष राशि- आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। इस बीच आपके जीवनसाथी को भी तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। आज परिस्थितियां बदलने के योग हैं और नई उम्मीदें बनेगी। कुछ लोग जो आप के खिलाफ थे, वो आज आपके सामने नतमस्तक होंगे।

वृष राशि- आज कारोबार में अचानक आपको फायदा होगा। आज किसी काम के लिए की गई कोशिश सफल रहेगी। आज मन में चल रहे सवालों का जवाब खुद को ही तलाशना होगा। आज दिखावे के चक्कर में अधिक खर्च करने या कर्ज लेने से बचें। सोच-विचार में अपनों की राय लेनें से उपलब्धियां आपके हाथ लगेगी। आज व्यवसायिक गतिविधियों को और समय देंगे। जिससे बेहतर नतीजे मिल सकेंगे।

मिथुन राशि- ऑफिस में आज काम का बोझ अधिक हो सकता है। आज कारोबार में अचानक महत्वपूर्ण कार्य पूरे हो सकते हैं। स्थान परिवर्तन के योग है। आज दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ में मुलाकात खुशी देगी। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति रहेगी और किसी परेशानी का हल मिलेगा। अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। परिवार के साथ घर की जरूरत संबंधी वस्तुओं की खरीदारी में समय बीतेगा।

कर्क राशि- आज अधिकारी वर्ग से आपको सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त होगी। आज घर में सुखद और अनुशासित माहौल रहेगा। काफी समय बाद रिश्तेदारों से मेल-मुलाकात होने से प्रसन्नता होगी। आज दिनभर बहुत व्यस्तता रहेगी। लेकिन मनोनुकूल नतीजे मिलने से मन में उत्साह रहेगा। किसी समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा, आपसी मेलजोल बढेगा। आपको अपने काम में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपको थोड़ा आलस्य महसूस होगा।

सिंह राशि- आज आपको घर की कुछ नयी जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी7 आज रुका हुआ काम पूरा होने वाला है, साथ ही आप कई प्रकार की गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे साथ ही आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी और कुछ बेहतरीन जानकारियां मिलेंगी। जीवनसाथी आज आपको सरप्राइज दे सकते हैं।

कन्या राशि- आज कार्यालय में अधिकारी वर्ग आपके ऊपर काम को लेकर थोड़ा दबाव बनायेंगे। आज किसी नजदीकी रिश्तेदार से चल रही अनबन दूर होगी रिश्ते में पुन: मधुरता आएगी। आज आपके घर परिवार में खुशी भरा माहौल रहेगा। आज पुरानी नकारात्मक बातों को वर्तमान पर हावी ना होने दें और रिश्ते को सहेज कर रखें।

तुला राशि- आज का दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज कहीं भी निवेश सोच-समझकर ही करेंगे। लोगों के साथ बातचीत करते समय सावधान रहें, गलतफहमियों की वजह से रिश्ते में समस्या आ सकती हैं। बच्चों की समस्याओं के समाधान के लिए आपका सहयोग रहेगा। आज कामकाज में व्यस्तता रहेगी। व्यापार में महत्वपूर्ण फैसले होंगे।

वृश्चिक राशि- आज आप अपने कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिये पूरी मेहनत करेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। परिवार के सब लोग आपसे खुश रहेंगे। आज किसी की गलत सलाह आपको आपके लक्ष्य से भटका सकती हैं। इसलिए सोच-समझकर ही कदम उठाएंगे तो परेशानी से बच जाएंगे। घर के बुजुर्गों की सलाह और मार्गदर्शन की अवहेलना ना करें। कुछ समय बच्चों के साथ बिताएंगे।

धनु राशि- आज किसी नई योजना को बनाने में आप सफल होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। किसी खास काम में आपको माता का सहयोग प्राप्त होगा। आज कार्यभार की वजह से शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। अपने कामों को दूसरों के साथ बांटने का प्रयास करेंगे तो आसानी होगी। आज नई शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। आपकी मेहनत और कोशिश के बढ़िया नतीजे सामने आएंगे।

मकर राशि- आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज नए कांटेक्ट बनेंगे। आज किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आपसी बातचीत द्वारा कई परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी। किसी काम में संघर्ष के बाद सफलता मिलने के योग हैं। आज अपने ऊपर अतिरिक्त कार्यभार या जिम्मेदारियां ना लें।

कुंभ राशि- आज आप दोस्तों के लिए मददगार साबित होंगे। आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने की जरूरत है, इससे आप अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से अंजाम देंगे। आज किसी दोस्त या रिश्तेदार के साथ कहीं घूमने जाएंगे । संतान की तरफ से संतोषजनक नतीजे मिलने से सुकून मिलेगा। ऑफिस में आज आपसे सभी लोग खुश रहेंगे।

मीन राशि-आज आप सकारात्मक विचारों के साथ अपने काम को आसानी से पूरा कर लेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज अपनी कार्यप्रणाली में लाए गए परिवर्तन के कुछ अनुकूल परिणाम मिल सकते हैं। आज आपका व्यवसायिक दृष्टिकोण कई मामलों को सुलझाने में सक्षम रहेगा। आज पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा। आज आप जिस काम के प्रति कड़ी मेहनत कर रहे हैं वो आपके लिए सकारात्मक और फायदेमंद साबित होगा।

# रूस-यूक्रेन युद्ध, जैविक और परमाणु युद्ध की तरफ बढ़ सकता है

## ( अमेरिका-नाटो का अनावश्यक दखल )

**संजीव ठाकुर,**

*यूक्रेन को अमेरिकी राष्ट्रपति की भारी मदद के बाद अब वैश्विक परिदृश्य बदल गया है। अमेरिका ने यूक्रेन को अरबों डॉलर की मदद की पेशकश के साथ रूस ने अमेरिका को सीधे चेतावनी दी है यदि इसी तरह युद्ध में हस्तक्षेप किया जाएगा तो परमाणु बम के साथ जैविक बम का इस्तेमाल भी किए जाने की संभावना होगीद्य रूस ने अपनी बौखलाहट यूक्रेन में फिर से बम वर्षक विमानों से कीव पर बड़ा हमला किया है।*



अंतर्राष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन, शी जिनपिंग और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम योंग उन के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। दावा किया गया है कि पुतिन ने दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है।


अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं। अब स्थिति यह है कि यूक्रेन के पास ना तो पैसे की कमी है ना ही हथियारों की,वह लगातार रूसी सैनिकों तथा कमांडरों का जमकर विरोध कर रहा है। ये अलग बात है कि मारियोपोल मैं इमारतों के मलबे के निकालने के पश्चात अलग-अलग जगह से चार पांच सौ दबे हुए शव को निकाला गया है। जिससे वहां जनता के बीच हाहाकार मच गया है। इस युद्ध की विभीषिका से यूक्रेन के लगभग एक करोड़ नागरिक यूक्रेन छोड़कर पोलैंड एवं अन्य देशों में शरण लेकर शरणार्थियों की तरह जीवन यापन कर रहे हैं। यूरोपीय देश इन शरणार्थियों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए कृत संकल्प हैं और उन्हें किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वैश्विक राजनीति में चीन और रूस सर्वथा अलग-थलग पड़ गए हैं। ताजा स्थिति के अनुसार अमेरिका ऑस्ट्रेलिया जापान और भारत में टोक्यो सम्मेलन में चीन के बढ़ते औपनिवेशिक वाद के खतरे को भांपते हुए प्रशांत महासागर एवं तीन पेसिफिक क्षेत्र में सैन्य अभ्यास के लिए गठजोड़ कर लिया है। इसी तरह चीन के व्यापारिक फायदों को नुकसान पहुंचाने हेतु अमेरिका ने 13 देशों का एक आर्थिक समूह तैयार कर चीन को वैश्विक राजनीति और आर्थिक योजनाओं से अलग अलग कर दिया है। चीन अब क्वाड सम्मेलन को अपना विरोधी बताकर लद्दाख में अपनी सैन्य तैयारियां भारत के विरुद्ध बढ़ाने में लग गया है। 13 देशों के आर्थिक समुदाय ने भी चीन को एक खुला संदेश देकर चुनौती दे दी है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका तथा चीन के विरुद्ध आर्थिक क्षेत्र तथा सामरिक क्षेत्र में खुली प्रतिस्पर्धा मैदान में आ गई है। अमेरिका वैसे भी पूर्व से ही रूस का विरोधी रहा है अब अमेरिका चीन तथा रूसी गठबंधन को आने वाले समय के लिए एक बड़ा खतरा मानते पूरे विश्व को इन दोनों के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास कर रहा है। वैश्विक शांति और सभ्यता को नष्ट होने से बचाने के लिए इन दोनों देशों पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक भी है।





# सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता, मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को किया ढेर

बीजापुर (ए.)। एक महत्वपूर्ण ऑपरेशन में, छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक गहन मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया। क्षेत्र के घने जंगली इलाकों में चलाया गया यह ऑपरेशन वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक बड़ी सफलता है। क्षेत्र के घने जंगली इलाकों में चलाया गया यह ऑपरेशन वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक बड़ी सफलता है। अधिकारी ने बताया कि तीन जिलों के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की विशिष्ट जंगल युद्ध इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन) की पांच बटालियन और सीआरपीएफकी 229वीं बटालियन के जवान इस अभियान में शामिल थे ।बीजापुर के मद्देड़ थाना क्षेत्र में12 जनवरी को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत पांच नक्सली मारे गए थे। पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ में दो वर्षों में सुरक्षा बलों पर सबसे बड़ा हमला करते हुए नक्सलियों ने इस महीने की



शुरुआत में बीजापुर जिले में 60 से 70 किलोग्राम वजनी संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में धमाका किया जिसकी चपेट में सुरक्षाबलों का एक वाहन आ गया और उसमें सवार आठ सुरक्षाकर्मी और उनके चालक की मौत हो गई थी।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सबसे अधिक पानी वाला राज्य होगा राजस्थान : केंद्रीय जलशक्ति मंत्री

जयपुर(आरएनएस)। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा है कि वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान सबसे अधिक पानी वाला राज्य होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश को जल आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। आमजन भी जल की एक-एक बूंद के महत्व को समझते हुए जल संचय में जुड़े, इस उद्देश्य से शुरू किया गया 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान अब एक जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बुधवार को राजकीय महाविद्यालय, सांगानेर में सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के वर्षा जल संचयन के कार्यों के भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि राज्य में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री ने राज्य को संशोधित पीकेसी लिंक परियोजना (एकीकृत ईआरसीपी) के रूप में बड़ा तोहफा दिया है।



भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ कर्नाटक के धारवाड़ में कृषि महाविद्यालय की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक भित्ति चित्र का अनावरण करते हुए.

## भाजपा-आरएसएस ही नहीं हमारी लड़ाई इंडियन स्टेट से भी, राहुल गांधी के बयान से छिड़ा बड़ा विवाद



नई दिल्ली(आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत पर तीखा हमला बोलते हुए भाजपा, आरएसएस और उनके सहयोगियों पर व्यवस्थित रूप से भारत के संस्थानों पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी की लड़ाई अब राजनीतिक विरोधियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय राज्य की मशीनरी के खिलाफ है। राष्ट्रीय राजधानी में नए कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, ऐसा मत सोचिए कि हम निष्पक्ष लड़ाई लड़ रहे हैं। अगर आप मानते हैं कि यह सिर्फ बीजेपी या आरएसएस जैसे राजनीतिक संगठन के खिलाफ है, तो समझ लीजिए कि उन्होंने हमारे देश की लगभग हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। अब हमारी लड़ाई भारतीय राज्यों से भी है। वैचारिक लड़ाई का जिक्र करते हुए गांधी ने भारत के दो परस्पर विरोधी विचारधाराओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा, यह भारत में होने वाली मुख्य लड़ाई है। दो विचारधाराओं में टकराव है। एक हमारा विचार है संविधान का विचार और दूसरा आरएसएस का विचार है। भागवत के इस बयान का जिक्र करते हुए कि 'राम मंदिर के निर्माण से ही सच्ची आजादी मिली' गांधी ने कहा, मोहन भागवत में इतनी हिम्मत है कि वे हमें बता रहे हैं कि वे स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्र के बारे में क्या सोचते हैं।



उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान त्रिवेणी मार्ग पर संविधान गैलरी का उद्घाटन किया.

## सैफ अली खान पर हमला गंभीर घटना, लेकिन मुंबई को असुरक्षित बताना गलत : मुख्यमंत्री फडणवीस



मुम्बई (ए.)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर उनके घर में एक घुसपैठिए द्वारा किया गया हमला एक गंभीर घटना है, लेकिन इसके कारण मुंबई को असुरक्षित कहना गलत होगा। फडणवीस के पास गृह विभाग का दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि देश की वित्तीय राजधानी को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार कदम उठाएगी। सैफ अली खान पर बीती रात मुंबई के बांद्रा इलाके में 12वीं मंजिल स्थित उनके फ्लैट में एक घुसपैठिए ने चाकू से हमला किया जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। चिकित्सकों के अनुसार, अभिनेता की पीठ में फंसा चाकू निकालने के लिए सर्जरी की गई और अब वह खतरे से बाहर हैं। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि मुंबई देश के बड़े शहरों में सबसे सुरक्षित है। यह सच है कि कभी-कभी कुछ घटनाएं होती हैं, और उन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए। लेकिन यह कहना सही नहीं है कि ऐसी घटनाओं के कारण मुंबई असुरक्षित है उन्होंने कहा, ऐसी टिप्पणियों से मुंबई की छवि खराब होती है। लेकिन, शहर को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार निश्चित रूप से प्रयास करेगी। वह कंगना रनौत द्वारा निर्देशित फिल्म इमरजेंसी की विशेष स्क्रीनिंग में भाग लेने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले सहित विपक्षी नेताओं ने सैफ अली खान पर हमले को लेकर फडणवीस पर निशाना साधा और गृह मंत्री पद से उनके इस्तीफे की मांग की।

## बीजेपी नेता ने टिकट देने के बहाने पार्टी की महिला का किया रेप, गंदा वीडियो बनाकर करता था ब्लैकमेल



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के सीधी ज़िले मे भाजपा के नेता को पार्टी की महिला नेता से बलात्कार तथा अश्र्लील विडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद भाजपा ने उसे तुरंत पार्टी से निष्कासित कर दिया है। आरोपी ने टिकट देने के बहाने महिला का रेप किया तथा उसका वीडियो बनाकर उसके परिवारजनों से पैसे कि मांग करता था। जानकारी के अनुसार, बीजेपी के नेता अजय पाल सिंह चौहान शहर के एक प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखने वाली महिला को टिकट देने के बहाने उसका रेप किया था, उसकी अश्र्लील वीडियो बनाकर उसके परिवार और महिला को ब्लैकमेल करने लगा। पीड़ित महिला ने भाजपा नेता पर रेप और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाकर पुलिस मे शिकायत दर्य करवाई, एफआईआर में कहा कि आरोपी अजीत पाल सिंह चौहान ने महिला के पति को जान से मारने की धमकी भी दी और उसके ससुर को अश्लील वीडियो दिखाकर पैसे देने के लिए मजबूर किया। जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर भाजपा नेता को रीवा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इधर भाजपा नेता की गिरफ्तारी और जेल जाने के बाद भाजपा पार्टी ने भी उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया है।अजीत पाल सिंह चौहान पर 13 जनवरी को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1) (रेप), 308(5) (किसी को मौत या गंभीर चोट का डर दिखाकर जबरन वसूली), 296 (अश्लील कृत्य) और 351(3) (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### महाकुंभ में छाया इंजीनियर बाबा ,कनाडा में नौकरी, करोड़ों का पैकेज छोड़ने के खोले राज

प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दुनिया के सबसे बड़े महापर्व, महाकुंभ का आगाज हो चुका है। इस महाकुंभ में आईआईटीयन बाबा अभय सिंह, जिन्हें इंजीनियर बाबा के नाम से जाना जा रहा है। वह काफी चर्चा में बने हुए है। इंजीनियर बाबा अभय सिंह का दावा है कि उन्होंने आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की है। पढ़ाई के बाद उन्हें एक बड़ी कंपनी में लाखों के पैकेज पर नौकरी भी मिली, लेकिन उन्होंने सांसारिक मोह-माया को त्यागकर आध्यात्म का मार्ग चुना।अभय सिंह ने कहा कि मैं कनाडा में नौकरी कर रहा था। उस वक्त तीन लाख प्रति महीने की उनकी सैलरी थी। उसके बाद सैलरी में इजाफा भी हुआ और काफी अच्छी सैलरी पर वह वहां से छोड़कर भारत आ गए। अभय सिंह ने कहा कि जब आईआईटी मुंबई से निकलकर फैशन डिजाइनर का कोर्स करने के बाद मेरे पास नौकरी के साथ-साथ घर बसाने का भी विकल्प था। बावजूद इसके कुछ ऐसी बात थी कि ऐसा लगता था कि कमी है। बस फिर क्या जो इच्छा हुई भी वह समय के साथ जाती रही। बाबा अभय सिंह ने कहा कि मैंने दसवीं तक की पढ़ाई हरियाणा में की। उसके बाद मैंने आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से पढ़ाई की तो ऐसा लग रहा था ऐरोनॉटिक्स इंजिनियर ही सबकुछ है।

### दिल्ली पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी, गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के कारण पांच दिन यातायात रहेगा बाधित

नई दिल्ली , (आरएनएस)। दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड से पहले कर्तव्य पथ पर रिहर्सल 17 जनवरी से शुरू हो रही है। इस दौरान आम लोगों को कोई परेशानी न हो इसलिए दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक एडवायजरी जारी की है। इस व्यवस्था के तहत, यातायात के लिए कुछ मार्गों पर प्रतिबंध और बदलाव किए गए हैं ताकि रिहर्सल के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत न हो और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी की गई एडवाइजरी में बताया गया है कि गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल के दौरान विशेष यातायात व्यवस्था 17, 18, 20 और 21 जनवरी को लागू रहेगी। कर्तव्यपथ-रफी मार्ग क्रॉसिंग, कर्तव्यपथ-जनपथ क्रॉसिंग, कर्तव्यपथ-मानसिंह रोड क्रॉसिंग और कर्तव्यपथ-सी-हेक्सागन पर सुबह 10:15 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक यातायात बंद रहेगा। उत्तर दिल्ली से दक्षिण दिल्ली जाने वाले लोग रिंग रोड, सराय काले खां, आईपी फ्लाईओवर, राजघाट, लाजपत राय मार्ग, मथुरा रोड, भैरों रोड, रिंग रोड, अरबिंदो मार्ग, सफदरजंग रोड, कमाल अत्तातुर्क मार्ग, कौटिल्य मार्ग से जा सकते हैं।

## भागवत के बयान से स्पष्ट है कि वह संविधान को नहीं मानते : कांग्रेस



रायपुर (ए.)। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के सच्ची स्वतंत्रता वाले बयान से स्पष्ट है कि वह संविधान को नहीं मानते। पार्टी के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह दावा भी किया कि भागवत ने स्वतंत्रता आंदोलन का अपमान किया है। भागवत ने सोमवार को कहा था कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाई जानी चाहिए क्योंकि अनेक सदियों से दुश्मन का आक्रमण झेलने वाले देश को सच्ची स्वतंत्रता इसी दिन मिली। बघेल ने भागवत के बयान का हवाला देते हुए संवाददाताओं से कहा, उनके बयान से स्पष्ट है कि वह संविधान को नहीं मानते। वह आजादी की लड़ाई का अपमान कर रहे हैं। मोहन भागवत के बयान से यह भी स्पष्ट है कि भाजपा और आरएसएस के लोग संविधान को बदलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के इंडियन स्टेट वाले बयान की भाजपा के लोगों ने गलत व्याख्या की। बघेल के अनुसार, संविधान के अनुच्छेद 12 में स्पष्ट है कि स्टेट का मतलब सरकार और उसकी संस्थाएं हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री ने विचारधारा को लेकर विपक्षी इंडिया गठबंधन सहयोगी दलों के बीच कथित मतभिन्नता के बारे में पूछे जाने पर कहा कि कांग्रेस अपने सिद्धांतों को लेकर प्रतिबद्ध है।

### केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है बीजेपी, बघेल बोले- संस्थानों पर कर लिया कब्जा

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भारतीय राज्य के खिलाफ लड़ने के बारे में राहुल गांधी की हालिया टिप्पणियों की गलत व्याख्या की और कहा कि गांधी राज्य की संवैधानिक परिभाषा का जिक्र कर रहे थे जैसा कि अनुच्छेद 12 में उल्लिखित है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) मुख्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और संविधान के तहत राज्य के रूप में परिभाषित संस्थानों पर कब्जा कर रही है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस के नए मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा पर देश में हर एक संस्थान पर कब्जा करने का आरोप लगाया। राहुल ने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के इस बयान का जिक्र करते हुए कि अयोध्या में राम मंदिर का अभिषेक भारत की सच्ची आजादी है।

## विविध-समाचार

### बजट से पहले केंद्रीय कर्मचारियों को सरकार का तोहफा, 8वें वेतन आयोग के गठन की मंजूरी दी

नई दिल्ली (ए.)। बजट से पहले मोदी सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को घोषणा की कि सरकार ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है, जिसका कई केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को इंतजार है। कर्मचारियों के वेतन और सेवानिवृत्त लोगों को भुगतान की जाने वाली पेंशन में संशोधन के लिए फिटमेंट फैक्टर और अन्य तौर-तरीकों की सिफारिश करने के लिए वेतन आयोग आम तौर पर हर 10 साल में एक बार गठित किया जाता है। आखिरी वेतन पैनल 7वां वेतन आयोग था, फरवरी 2014 में तत्कालीन मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा गठित किया गया था। इसकी सिफारिशों को सरकार ने जनवरी 2016 से लागू किया था।

### ग्रेटर नोएडा : नशे में दोस्त के सिर पर ईंट से हमला, इलाज के दौरान मौत, आरोपी गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा, (आरएनएस)। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र के इलाके में एक व्यक्ति ने शराब के नशे में अपने दोस्त के सिर पर ईंट से हमला किया था। जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, बिसरख थाना क्षेत्र के इलाके में वरुण हाइट्स सोसाइटी में 13 जनवरी की रात दोनों दोस्तों ने साथ बैठकर शराब पी और खाना खाया। इसके बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया है एक दोस्त ने दूसरे के सिर पर ईंट मार दी। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ही बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं। यहां दोनों साथ काम करते थे और साथ ही रहते थे।पुलिस के अनुसार, वरुण हाइट्स सोसायटी में बिहार निवासी नीरज और सुमित झा एक साथ मजदूरी का कार्य करते थे और साथ ही रहते थे। 13 जनवरी को दोनों ने साथ बैठकर शराब पी और खाना खा रहे थे, तभी शराब के नशे में नीरज और सुमित के बीच विवाद हो गया।

### कांग्रेस पर फिर बरसे अनिल विज, मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री रहते हुए भी कांग्रेस ने काम नहीं करने दिया

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के नए भवन का नाम पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नाम पर रखने पर उपजे विवाद पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री रहते हुए भी कांग्रेस ने काम नहीं करने दिया। उनकी सारी शक्तियों, स्वतंत्रता व बुद्धिमता पर इन्होंने अंकुश लगाकर रखा। ऐसे में इनसे किसी प्रकार की उम्मीद नहीं की जा सकती। खनौरी बार्डर पर हरियाणा में किसानों के भूख हड़ताल पर बैठने के मामले में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरकार इस पर पूरी निगाह रखे हुए है और हमारे मुख्यमंत्री इस विषय पर ध्यान दे रहे है और जो भी आवश्यक होगा, वह किया जाएगा।

### कंगना रनौत को लगा झटका, बांग्लादेश में प्रतिबंधित हुई इमरजेंसी

मुंबई (आरएनएस)। कंगना रनौत की इमरजेंसी काफी बार पोस्टपोन होने के बाद अब आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। लेकिन रिलीज होने से पहले इमरजेंसी को एक झटका लगा है। दरअसल फिल्म को बांग्लादेश में बैन कर दिया गया है। कई विवादों में उलझने के बाद और कुछ सीन्स हटाने के बाद सेंसर बोर्ड ने इमरजेंसी का रास्ता साफ कर दिया। लेकिन इसके बावजूद फिल्म की परेशानियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। फिल्म रिलीज होने में अब सिर्फ दो दिन बाकी हैं और इसे बांग्लादेश में बैन कर दिया गया है।



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल नई दिल्ली में सिंगापुर गणराज्य के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम के साथ द्विपक्षीय बैठक में.

## केजरीवाल के झूठ से तंग आ चुकी जनता, दिल्ली में भाजपा की बनने जा रही सरकार : परवेश वर्मा



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता परवेश वर्मा ने गुरुवार को 5 फरवरी के दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले जूते और साड़ियों सहित पैसे और सामान बांटने के आरोपों को खारिज कर दिया। वर्मा ने दावा किया कि ये आरोप आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा झेली गई हार के डर से लगाए गए हैं। वर्मा ने बताया कि भाजपा दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है क्योंकि लोग केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) के झूठ और विफलताओं से तंग आ चुके हैं। आप ने वर्मा पर नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में महिलाओं को जूते, साड़ी और कंबल के अलावा 1,100 रुपये बांटने का आरोप लगाया है, जहां भाजपा नेता केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी आरोप बेबुनियाद हैं और अपनी आसन्न हार को देखते हुए केजरीवाल की घबराहट का नतीजा हैं। उन्हें शांति से चुनाव लड़ना चाहिए और नई दिल्ली के लोगों को अपने द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताना चाहिए। नई दिल्ली में मतदाता सूची में हेरफेर करने के भाजपा के AAP के आरोपों पर उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव 2020 और इस साल के चुनाव के बीच लगभग 60,000 वोट हटा दिए गए हैं। क्या ये वोट केजरीवाल ने डिलीट किये थे ? मैं उस समय निर्वाचन क्षेत्र में नहीं था। भाजपा नेता ने कहा, केजरीवाल चकित हैं क्योंकि उन्हें चुनाव में अपनी हार स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है, इसीलिए वह उनके खिलाफ आरोप लगा रहे हैं और हर दिन झूठ फैला रहे हैं। 8 फरवरी को नतीजे घोषित होने पर केजरीवाल की जमानत जब्त हो जाएगी और वह तीसरे स्थान पर खिसक जाएंगे। कांग्रेस के संदीप दीक्षित दूसरे स्थान पर रहेंगे। वर्मा ने भाजपा को निशाना बनाने के लिए दूल्हा शब्द का इस्तेमाल करने और भगवा पार्टी से उसके मुख्यमंत्री पद के चेहरे के बारे में पूछने के लिए आप और केजरीवाल पर भी हमला बोला।

# पारुल गुलाटी कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगी?



एक्ट्रेस पारुल गुलाटी ने अपने लेटेस्ट पोस्ट से सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। इस पोस्ट ने फैंस को उनकी अगली फिल्म को लेकर कयास लगाने पर मजबूर कर दिया है। पारुल ने कुछ मज़ेदार तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह एक स्क्रिप्ट पकड़े नज़र आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन दिया, जल्द आ रही हूं, आप सभी को हंसाने के लिए!इस खुलासे ने उनके फॉलोअर्स के बीच उत्साह बढ़ा दिया है, और अब सभी अंदाज़ा लगा रहे हैं कि पारुल अपनी पहली कॉमेडी फिल्म में नज़र आने वाली हैं। हालांकि, इस प्रोजेक्ट से जुड़ी ज़्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन चर्चाएं हैं कि फैंस उन्हें एक बिल्कुल नए अवतार में देखेंगे, जो हंसी से भरपूर अनुभव देगा।पारुल अक्सर सोशल मीडिया पर अपने मज़ाकिया अंदाज़ के लिए जानी जाती हैं और कई लोग उन्हें मालकिन कहकर भी बुलाते हैं। एक सूत्र ने बताया, पारुल ने इस फिल्म के लिए एक एक्टिंग मेंटर के साथ तैयारी शुरू कर दी है। वह लंबे समय से कॉमेडी प्रोजेक्ट्स में काम करने की इच्छुक थीं। उन्होंने एक प्रोजेक्ट साइन किया है, लेकिन फिलहाल सब कुछ गोपनीय है। फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। फैंस अब बेसब्री से इंतेज़ार कर रहे हैं कि पारुल अपने इस नए प्रोजेक्ट से उन्हें किस तरह सरप्राइज देंगी।

# टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ बोली-मुझे अनदेखा नहीं कर सकते, नए शो को लेकर हैं एक्साइटेड



टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ एक लंबे गैप के बाद टीवी पर नजर आने वाली हैं। वह एक कुकिंग रियालिटी शो का हिस्सा बनी हैं। पिछले दिनों इसी शो के कारण दीपिका सोशल मीडिया पर ट्रोल भी हुईं। अब दीपिका का इसी नए शो से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर नजर आ रहा है, जिसमें कहीं ना कहीं वह ट्रोल्स को ही मैसेज दे रही हैं।

सीरियल 'ससुराल सिमर का' से दीपिका कक्कड़ टीवी की दुनिया में एक जाना-पहचाना नाम बन गई थीं। फिर उन्होंने अपने को-एक्टर शोएब इब्राहिम से शादी करके करियर ब्रेक लिया और बाद में बेटा पैदा होने पर उसकी परवरिश पर ही पूरा ध्यान दिया। एक बार फिर से वह टीवी पर नजर आएंगी, जल्द ही दीपिका कक्कड़ सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में अपनी कुकिंग का हुनर दिखाएंगी।

**ट्रोल्स के निशाने पर दीपिका कक्कड़**

पिछले दिनों सेलिब्रिटी मास्टरशेफ शो के एक प्रोमो में दीपिका रोती दिखीं, खुद को होममेकर, होम कुक बताया और इसे अपनी पहचान का अहम हिस्सा माना। दीपिका का यह रोना-धोना देख सोशल मीडिया यूजर्स ने उन्हें ट्रोल कर दिया। हाल ही में दीपिका इसी ट्रोलिंग पर कहीं ना कहीं इशारों-इशारों में तंज कसती दिखीं।

**एक्ट्रेस का दिखा तंज से भरा अंदाज**

टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ के नए शो सेलिब्रिटी शेफ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर नजर आ रहा है, जिसमें वह कहती हैं, 'आप मुझे पसंद कर सकते हैं, नापसंद कर सकते हैं लेकिन मुझे अनदेखा नहीं कर सकते हैं।' वह आगे खुद को एक डिप्लोमेटिक इंसान बताती हैं। इन बातों को कह कर दीपिका कक्कड़ ने कहीं ना कहीं, यह जता दिया है कि उन्हें सोशल मीडिया ट्रोलिंग से फर्क नहीं पड़ता है। वह यह भी कहती हैं कि अगर ट्रोल करके आपको खुशी मिलती है, तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है।

**नए शो को लेकर काफी खुश**

आगे वीडियो में दीपिका कक्कड़ कहती हैं कि कुकिंग करना कोई आसान काम नहीं है। जब आप किचन में खड़े होकर खाना बनाते हैं तो हाथ से लेकर कमर तक दर्द होती है। खाना बनाना अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी है।

**दीपिका कंटेंट क्रिएटर भी हैं**

दीपिका कक्कड़ टीवी सीरियल से ब्रेक लेने के बाद सिर्फ अपनी फैमिली पर ही फोकस नहीं कर रही थीं, वह यूट्यूब पर लाइफस्टाइल व्लॉगिंग का एक चैनल भी चलाती है। एक्ट्रेस का यह यूट्यूब चैनल काफी पॉपुलर है।

# सान्या मल्होत्रा ने म्यूजिक वीडियो 'आंख' से मचा दिया तहलका



एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने ट्रेंडिंग म्यूजिक वीडियो 'आंख' से तहलका मचा दिया है। हाल ही में सान्या ने अपने इंस्टाग्राम पर इस गाने की शूटिंग और रिहर्सल की झलकियां साझा कीं, जिसमें उनका उत्साह और परफेक्शन के लिए समर्पण साफ नजर आ रहा है।

सुनिधि चौहान की दमदार आवाज और रुशा व ब्लिज़ा के सहयोग से बने इस वीडियो ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। गाने में सान्या के डांस मूव्स और उनकी ऊर्जा की प्रशंसा हर तरफ हो रही है। उनके प्रदर्शन को देखकर कुछ प्रशंसकों ने इसकी तुलना शकीरा और बियोंसे के मशहूर म्यूजिक वीडियो ब्यूटीफुल लायर से भी की। 'आंख' का म्यूजिक वीडियो यूट्यूब के ग्लोबल डेली म्यूजिक वीडियो टॉप चार्ट्स में अपनी जगह बना चुका है, जो इसकी लोकप्रियता का स्पष्ट प्रमाण है। सान्या ने अपने डांस और अभिनय से इस गाने को खास बना दिया है, जिसे दर्शक बार-बार देखना पसंद कर रहे हैं। सान्या मल्होत्रा की यह सफलता सिर्फ म्यूजिक वीडियो तक ही सीमित नहीं है। वह जल्द ही अपनी वेब सीरीज 'मिसेज़' में नजर आएंगी, जो ज़ी5 पर रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके अलावा, धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म 'संस्कारी की तुलसी कुमारी' में भी सान्या एक दिलचस्प किरदार निभाने वाली हैं। उनके आगामी प्रोजेक्ट्स में अनुराग कश्यप और बॉबी देओल के साथ एक और महत्वपूर्ण फिल्म शामिल है, जिसने पहले से ही दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। सान्या मल्होत्रा ने हमेशा अपने प्रदर्शन से दर्शकों को प्रभावित किया है।

चाहे उनकी फिल्में हों या म्यूजिक वीडियो, वह हर बार अपने किरदारों में पूरी तरह डूबकर अभिनय करती हैं। 'आंख' की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि सान्या न केवल फिल्मों में बल्कि म्यूजिक वीडियोज में भी अपनी खास छाप छोड़ने में कामयाब रही हैं। फैंस अब सान्या को उनकी आगामी वेब सीरीज और फिल्मों में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर सान्या ने बॉलीवुड में एक खास मुकाम हासिल किया है।

# सलमान ने बजरंगी भाईजान में एक भूमिका की पेशकश की थी : कंगना रनौत



हाल ही में अभिनेत्री कंगना रनौत ने बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान के साथ अपने रिश्ते और काम करने की संभावनाओं पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि भले ही अब तक दोनों ने साथ काम नहीं किया है, लेकिन वह भविष्य में इस अवसर को लेकर काफी उत्साहित हैं।

कंगना ने इंटरव्यू में बताया, सलमान मेरे अच्छे दोस्त हैं। हमारे पास कई बार साथ काम करने के मौके आए, लेकिन किसी न किसी कारणवश ऐसा नहीं हो पाया। मुझे उम्मीद है कि जल्दी ही हम दोनों किसी प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे। कंगना ने यह भी खुलासा किया कि सलमान खान ने उन्हें अपनी फिल्म बजरंगी भाईजान में एक भूमिका की पेशकश की थी। हालांकि, उन्होंने उस रोल को ठुकरा दिया। कंगना ने मुस्कुराते हुए कहा, जब उन्होंने मुझे रोल ऑफर किया तो मैंने हैरान होकर पूछा, यह क्या रोल दिया है? इसके बाद उन्होंने सुल्तान के लिए भी संपर्क किया, लेकिन मैंने वह भी मना कर दिया। कंगना ने बताया कि सलमान इस बात पर हंसते हुए उनसे मजाक में कहते थे, अब तुम्हें और क्या ऑफर करूं? हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सलमान ने कभी इसे नकारात्मक रूप से नहीं लिया और हमेशा उनके साथ अच्छा व्यवहार किया। कंगना ने यह भी बताया कि सलमान उनकी फिल्म इमरजेंसी को देखने के लिए काफी उत्साहित हैं और उन्होंने इसकी कहानी और कंगना के प्रयासों की सराहना की है। इमरजेंसी 1975 से 1977 के बीच की उस अवधि की कहानी है जब देश में आपातकाल लागू किया गया था। इस ऐतिहासिक फिल्म के लिए कंगना ने गहन शोध किया है और इसे अपनी सबसे चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में से एक बताया है।

कंगना का मानना है कि यह फिल्म न केवल उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि भारतीय सिनेमा के लिए भी एक खास स्थान रखेगी। सलमान और कंगना के बीच दोस्ती के इस किस्से से यह साफ है कि दोनों कलाकार एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखते हैं। प्रशंसकों को उम्मीद है कि जल्द ही इन दोनों सितारों को किसी बड़े प्रोजेक्ट में साथ देखने का मौका मिलेगा। बता दें कि अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कंगना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं और इसका निर्देशन भी उन्होंने खुद किया है।

# अनुष्का शेट्टी की घाटी से विक्रम प्रभु का पहला लुक जारी, धांसू लुक में नजर आए अभिनेता



साउथ अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी की आने वाली फिल्म घाटी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फैंस लगातार फिल्म से जुड़ी नई जानकारियां पाने के लिए उत्सुक हैं। पहले ही फिल्म से अनुष्का शेट्टी की झलकियां सामने आ चुकी हैं, जिसमें अभिनेत्री का दमदार अवतार नजर आया था। वहीं, अब फिल्म में मुख्य नायक का किरदार निभाने वाले अभिनेता विक्रम प्रभु का भी लुक निर्माताओं ने जारी कर दिया है।फिल्म में विक्रम प्रभु, अनुष्का शेट्टी के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। आज विक्रम का जन्मदिन भी है और इसे खास बनाने के लिए घाटी के निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता का पहला लुक जारी कर दिया है। विक्रम फिल्म में देसी राजू के रूप में नजर आएंगे। पोस्टर में विक्रम कैमरे की ओर देखते हुए धांसू लुक में नजर आ रहे हैं।कृष अपनी फिल्मों में अलग-अलग तरह के कलाकारों को शामिल करने के लिए जाने जाते हैं और विक्रम का घाटी में शामिल होना काफी चौंकाने वाला है। प्रशंसक यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वह फिल्म में किस तरह का किरदार निभाएंगे। हाल ही में रिलीज हुए फिल्म के टीजर ने पहले ही कई लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया है।

# बॉक्स ऑफिस पर सोनू सूद की फतेह की कमाई में बढ़ोतरी, पांचवें दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये

अभिनेता सोनू सूद की फिल्म फतेह बीते 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में वह जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं और उनकी अदाकारी की खूब तारीफ भी हो रही है, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।पहले दिन टिकट खिड़की पर ठीक-ठाक कमाई करने के बाद फतेह का कारोबार लगातार घटता जा रहा है। हालांकि, पांचवें दिन यह फिर से पटरी पर लौट चुकी है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फतेह ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन यानी पहले मंगलवार को 1.60 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 9.30 करोड़ रुपये हो गया है।फतेह ने 2.4 करोड़ रुपये के साथ टिकट खिड़की पर ठीक-ठाक शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन इस फिल्म ने 2.1 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 2.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। चौथे दिन यह फिल्म 95 लाख रुपये कमाने में सफल रही।खास बात यह है कि सोनू न सिर्फ फतेह के हीरो हैं, बल्कि इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उन्होंने ही संभाली है, वहीं वह इस फिल्म के लेखक भी हैं।फिल्म की कहानी साइबर क्राइम पर आधारित है, जिसमें नसीरुद्दीन शाह और विजय राज जैसे सितारों ने भी अभिनय किया है।

इस फिल्म में सोनू की जोड़ी पहली बार जैकलीन फर्नांडिस के साथ बनी है।

# शादी के खूबसूरत पलों का आनंद उठाती नजर आईं ये एक्ट्रेस

हाल ही में दिल्ली में एक दोस्त की शादी में बॉलीवुड की जेन-ज़ी स्टार्स अनन्या पांडे, जान्हवी कपूर और खुशी कपूर शामिल होकर चर्चा का केंद्र बन गईं। इस शानदार शादी के मौके पर अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम पर कुछ खास तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वह अपनी दोस्तों और परिवार के साथ शादी के खूबसूरत पलों का आनंद उठाती नजर आईं।

इस शादी में जान्हवी के बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया, खुशी के रूमर्ड बॉयफ्रेंड वेदांग रैना और उनके करीबी दोस्त ओरहान अवात्रमानी (ओरी) भी मौजूद थे। इन तस्वीरों में जान्हवी कपूर ने लाल साड़ी में अपनी आकर्षक खूबसूरती का जलवा बिखेरा, जबकि शिखर पहाड़िया सफेद बंदगला में बहुत ही स्टाइलिश नजर आए। एक ग्रुप फोटो में नवविवाहित जोड़े के साथ जान्हवी और शिखर की जोड़ी ने फैंस का दिल जीत लिया। अनन्या ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा,



हियर फार निक्की एंड कोची, और दिल का इमोजी जोड़ा। वहीं, ओरी और वेदांग रैना ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शादी के अनदेखे पलों को साझा किया, जो सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियों में रहे।

खुशी कपूर ने इस अवसर पर रॉयल ब्लू लहंगे में जलवा बिखेरा, जो ब्रालेट-स्टाइल ब्लाउज और फ्लोई स्कर्ट के साथ बेहद आकर्षक था। वहीं, वेदांग रैना काले रंग की कढ़ाईदार शेरवानी में स्टाइलिश लगे। इन दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं।

जहां जान्हवी कपूर हाल ही में तेलुगु फिल्म देवरा- पार्ट 1 में जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान के साथ नजर आईं, वहीं अब वह सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी और परम सुंदरी की शूटिंग में व्यस्त हैं। दूसरी ओर, अनन्या पांडे जल्द ही फिल्म चांद मेरा दिल में लक्ष्या के साथ और सीरीज कॉल मी बे के दूसरे सीजन में नजर आएंगी। खुशी कपूर अपनी फिल्म लवयापा की रिलीज के लिए तैयार हैं, जिसमें जुनैद खान उनके को-स्टार हैं। इसके अलावा, वह नादानियां फिल्म में इब्राहीम अली खान के साथ नजर आएंगी।

# ज्यादा परफ्यूम लगाने से हो सकती हैं ये 5 समस्याएं, जानें इसके हानिकारक प्रभाव

परफ्यूम का इस्तेमाल हम सभी करते हैं ताकि हम ताजगी महसूस कर सकें। यह हमारे व्यक्तित्व को निखारने का एक तरीका है, लेकिन ज्यादा परफ्यूम लगाना आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।अत्यधिक परफ्यूम का इस्तेमाल आपकी त्वचा, सांस लेने की क्षमता और आसपास के लोगों को प्रभावित कर सकता है।इस लेख में जानें कि कैसे ज्यादा परफ्यूम लगाने से आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है और इसके हानिकारक प्रभाव क्या हो सकते हैं।

## त्वचा पर जलन

ज्यादा परफ्यूम लगाने से त्वचा पर जलन की समस्या उत्पन्न हो सकती है।कई बार परफ्यूम में मौजूद रासायनिक तत्व आपकी त्वचा के साथ प्रतिक्रिया कर सकते हैं, जिससे खुजली, लालिमा या दाने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है तो यह समस्या और भी बढ़ सकती है। इसलिए हमेशा ध्यान रखें कि आप कितनी मात्रा में परफ्यूम लगा रहे हैं और इसे सीधे त्वचा पर न लगाएं।

## सांस लेने में दिक्कत

अत्यधिक मात्रा में परफ्यूम लगाने से सांस लेने में दिक्कत हो सकती है।खासकर उन लोगों के लिए जो पहले से ही अस्थमा या एलर्जी जैसी समस्याओं से जूझ रहे होते हैं, उनके लिए यह स्थिति और भी गंभीर बन जाती है।जब आप बहुत ज्यादा परफ्यूम लगाते हैं तो उसकी गंध हवा में फैलती है और इसे सांस के जरिए अंदर लेना मुश्किल होता है।



## सिरदर्द की समस्या

परफ्यूम की तेज गंध कई बार सिरदर्द का कारण बन सकती है।कुछ लोग गंध के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं और उन्हें तेज गंध सहन नहीं होती। ऐसे मामलों में ज्यादा परफ्यूम लगाने से सिरदर्द या माइग्रेन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।यह समस्या तब और बढ़ जाती है जब आप बंद जगहों में होते हैं, जहां हवा का प्रवाह कम होता है। इसलिए हमेशा हल्की खुशबू वाले उत्पादों का चयन करें।

## आंखों में जलन होना

परफ्यूम की तेज गंध आंखों को प्रभावित कर सकती है, जिससे उनमें जलन या पानी आने की समस्या हो सकती है।

खासकर जब आप आंखों के पास ज्यादा मात्रा में परफ्यूम स्प्रे करते हैं तो यह समस्या और भी बढ़ सकती है। इसलिए परफ्यूम लगाते समय ध्यान रखें कि इसे आंखों से दूर रखें।अगर आपकी आंखें संवेदनशील हैं तो यह समस्या और गंभीर हो सकती है। इसलिए हमेशा सावधानी बरतें और ज्यादा परफ्यूम का उपयोग न करें।

## दूसरों को असुविधा

जब आप बहुत ज्यादा परफ्यूम लगाते हैं तो इसकी तीव्र गंध दूसरों को असुविधा दे सकती है, खासकर बंद जगहों जैसे ऑफिस या मीटिंग्स आदि में जहां लोग करीब-करीब बैठे होते हैं।

इससे आपके आसपास के लोग परेशान महसूस कर सकते हैं और उनकी एकाग्रता भंग हो सकती है।इन सभी बातों को ध्यान रखते हुए हमें समझना चाहिए कि किसी भी चीज का अत्यधिक उपयोग हानिकारक होता है, चाहे वह कितना ही अच्छा क्यों न लगे।

# कैसे होता है सर्दी-जुकाम?, जानिए इसके पीछे कौन सा है वायरस



मौसम परिवर्तन के दौरान सर्दी-खांसी होना सामान्य बात है. इसको लेकर ज्यादा चिंता करने की आवश्यकता नहीं है. कुछ दिनों के आराम और देखभाल से ये समस्याएं ठीक हो जाते हैं. लेकिन कभी-कभी यह आपके लिए चिंता का विषय हो सकता है, क्या आपको पता है सर्दी-जुकाम कैसे होते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से...

## सर्दी-जुकाम क्यों होते हैं

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम परिवर्तन के दौरान सर्दी और खांसी शरीर को बीमारी से बचाने का एक उपाय है. जब भी कोई वायरस शरीर पर हमला करता है तो शरीर वायरस से लड़ने के लिए अपना तापमान बढ़ा लेता है. जब शरीर को अपना तापमान बढ़ाता है, तो वायरस स्वयं को जल्दी से विभाजित नहीं कर पाते हैं और शरीर को समाप्त होने का अवसर मिलता है. सर्दी-जुकाम के लिए एक नहीं बल्कि कई वायरस जिम्मेदार होते हैं.

## इन वायरस से होता है सर्दी-जुकाम-

## राइनोवायरस

एक रिपोर्ट के मुताबिक सर्दी-खांसी के लगभग 40त्न मामले राइनोवायरस के कारण ही होते हैं। जिसे सामान्य सर्दी या कॉमन कोल्ड कहा जाता है।

## कोरोना वायरस

साल 2019-20 में आई कोविड 19 की महामारी की वजह से भी सर्दी-जुकाम जैसी समस्याएं होती हैं. डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, कभी-कभी सामान्य सर्दी के लक्षण दिखाई देते हैं लेकिन गंभीर मामलों में सर्व एक्यूट रेस्पायरेटरी सिंड्रोम यानी फेफड़ों और सांस लेने में समस्या होती है.

# रावल तेजी से रन बना सकती हैं और रक्षात्मक भूमिका भी निभा सकती हैं: मंधाना

नईदिल्ली, (आरएनएस)। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने अपने वनडे करियर की बेहतरीन शुरुआत की है। किसी भी महिला खिलाड़ी ने अब तक अपने वनडे करियर की शुरुआत के पहले छह मैचों में रावल से ज़्यादा रन नहीं बनाए हैं - 74 की औसत के साथ 444 रन। अगर पुरुष और महिला खिलाड़ियों की बात की जाए तो पहले छह मैचों में प्रतिका से बेहतर आंकड़े सिर्फ़ दक्षिण अफ़्रीका के जानेमन मलान के नाम है।

रावल ने बुधवार को आयरलैंड के ख़िलाफ़ सिर्फ़ 129 गेंदों में 154 रन बनाए और स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 233 रनों की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाज़ों की इस साझेदारी और रावल की दर्शनीय पारी ने कई कीर्तिमान बनाए और शायद इसी कारण से भारतीय महिला टीम ने वनडे में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर (435-5) बनाने में सफल रही।

इस सीरीज़ में हरमनप्रीत कौर की अनुपस्थिति में मंधाना भारतीय टीम की कप्तानी संभाल रही थीं। उन्होंने मैच के बाद रावल की जमकर तारीफ़ की और उनकी बहुमुखी प्रतिभा को उनकी सबसे बड़ी ताक़त बताया।

मंधाना ने रावल के बारे में कहा, जिस तरह से वह बल्लेबाज़ी कर रही हैं, उससे मैं वास्तव में खुश हूं। मुझे लगता है कि उनके पास शांत स्वभाव है, वह जानती हैं कि वह क्या कर रही हैं। उनके पास दोनों तरह का खेल है - जहां वह तेज़ी से रन बना सकती हैं और रक्षात्मक भूमिका भी निभा सकती हैं, जो एक बल्लेबाज़ के लिए बहुत शानदार है।

# संन्यास के बाद भी मोटी कमाई कर रहे धवन



नई दिल्ली (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद भी मोटी कमाई कर रहे हैं। धवन आजकल फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेल रहे हैं। वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद नेपाल प्रीमियर लीग और बिग क्रिकेट लीग में खेलते हुए दिखे थे। धवन की कमाई का स्रोत लीग क्रिकेट के साथ ही विज्ञापन हैं। उनकी उनकी नेटवर्थ लगभग सवा सौ करोड़ पहुंच गयी है। धवन एंडोर्समेंट से ही हर महीने लाखों की कमाई करते हैं। उन्होंने कई बड़ी कंपनियों में निवेश भी किया है। धवन के पास दिल्ली में एक आलीशान घर भी है। एक रिपोर्ट के अनुसार धवन की नेटवर्थ लगभग 125 करोड़ रुपये के आसपास है। वह बीसीसीआई के ग्रेड ए अनुबंध में शामिल रहे थे। इसके लिए उन्हें बीसीसीआई की ओर से सालाना 5 करोड़ रुपये मिलते थे। इसके अलावा एक टेस्ट खेलने के उन्हें 15 लाख मिलते थे जबकि एकदिवसीय और टी20 के क्रमशः 6 लाख और 5 लाख रुपये मिलते थे।

साल 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर की शुरुआत करने वाले धवन ने टीम इंडिया में सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेला है। चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 और आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2015 में वह भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल रहे थे। आईपीएल में सबसे पहले दो शतक लगाने का रिकॉर्ड उनके नाम है। आईपीएल से भी धवन ने करोड़ों की कमाई की है। वह 2014 से 2017 तक आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद फ्रेंचाइजी के साथ रहे। इस दौरान फ्रेंचाइजी ने उन्हें हर साल 12.50 करोड़ रुपये दिए। वहीं 2018 से 2021 तक वह दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़े रहे जिसने उन्हें 5.20 करोड़ हर साल दिए।

## फ्रिट्ज, डी मिनौर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे

नईदिल्ली, (ए)। शीर्ष आठ खिलाड़ियों में शामिल टेलर फ्रिट्ज़ और एलेक्स डी मिनौर दोनों ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में तेज़ी से प्रवेश किया। 5वें दिन के मध्य में एक दूसरे से 60 सेकंड के भीतर अपने मैच समाप्त करने वाले चौथी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज़ ने चिली के क्वालीफ़ायर क्रिस्टियन गारिन पर एक घंटे और 22 मिनट में 6-2, 6-1, 6-0 की जीत में सिर्फ़ तीन गेम गंवाए जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त और घरेलू पसंदीदा डी मिनौर ने अमेरिकी क्वालीफ़ायर ट्रिस्टन बॉयर को सिर्फ़ दो घंटे से कम समय में 6-2, 6-4, 6-3 से हराया।पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में चौथे स्थान पर, यूएस ओपन और निट्टो एटीपी फाइनल्स के उपविजेता फ्रिट्ज़ ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपनी सर्वोच्च वरीयता पर खेल रहे हैं और अपने पहले दो मैचों में उनका प्रदर्शन नहीं टूटा है। इंफोसिस स्टैट्स के अनुसार, गारिन के खिलाफ़ उन्होंने 24 विनर्स को नौ में से एक में क्लिप किया और 80 प्रतिशत फर्स्ट-सर्व पॉइंट और 60 प्रतिशत सेकंड-सर्व पॉइंट जीते। कैलिफ़ोर्निया के फ्रिट्ज़ ने कहा, इस तरह का मैच खेलना हमेशा बहुत अच्छा लगता है, जिन्होंने कोर्ट पर घोषणा की कि वे लॉस एंजेलिस में आग से बचाव के प्रयासों के लिए अपने पहले दौर की पुरस्कार राशि 132,000 ऑस्ट्रेलियन डॉलर दान करेंगे। मैंने पहले दौर में भी अच्छा खेला, इसलिए तीसरे दौर में जाने के लिए मैं बहुत आत्मविश्वास से भरा हुआ हूं। यह बहुत बढ़िया है।

## गंभीर की जगह लक्ष्मण को कोच बनाया जाना चाहिये : पनेसर

लंदन (ए)। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मोंटी पनेसर ने कहा है कि भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर को स्वयं ही पद छोड़ देना चाहिये। पनेसर के अनुसार गंभीर के कोच बनने के बाद भारतीय टीम को पहले न्यूजीलैंड और फिर ऑस्ट्रेलिया के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से हराया जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ उसे अपनी ही धरती पर 3-0 से हार झेलनी पड़ी थी। इसे बाद से ही गंभीर की कोचिंग पर सवाल उठने लगे थे। गंभीर ने पिछले साल आईसीसी टी20 विश्व कप के बाद ही कोच पद को संभाला था। पनेसर ने का मानना है कि, गंभीर के ऊपर कामकाज का काफी दबाव है। ऐसे में पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण को कोच बनाया जाना चाहिए। साथ ही कहा कि लक्ष्मण का तरीका पूर्व कोच राहुल द्रविड़ की तरह है। ऐसे में यह टीम इंडिया के लिए अधिक बेहतर साबित होंगे।

गंभीर पहली बार किसी राष्ट्रीय टीम के लिए कोचिंग कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने आईपीएल में मेंटर की भूमिका में जरूर रहे हैं। वहीं लक्ष्मण की कोचिंग में टीम इंडिया ने कई अहम सीरीज जीती हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए गंभीर और लक्ष्मण ने एक से बढ़कर एक उपलब्धि हासिल की है।

## डीसी का खिलाड़ी जैक फ्रेजर मैकगर्क महज 10 की औसत से बना रहा रन

### 9 करोड़ डूबने का सताने लगा डर

नईदिल्ली, (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के लिए हुए मेगा ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने 9 करोड़ में एक खिलाड़ी को खरीदा था. टीम को उम्मीद थी कि आने वाले सीजन में ये खिलाड़ी बड़ा गेम चेंजर साबित होगा और पहला खिताब दिला सकता है. लेकिन जिस तरह का प्रदर्शन इस खिलाड़ी का रहा है उसे देखते हुए टीम को अपने 9 करोड़ डूबने की चिंता सताने लगी होगी।

दिल्ली कैपिटल्स ने नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के दाएं हाथ के विस्फोटक युवा सलामी बल्लेबाज जैक फ्रेजर मैकगर्क को 9 करोड़ में आरटीएम का इस्तेमाल करते हुए खरीदा था. डीसी को उम्मीद थी कि ये खिलाड़ी आईपीएल 2025 में धमाल मचाएगा लेकिन बीबीएल में जिस तरह का खेल मैकगर्क का है उसने टीम की टेंशन बढ़ा दी है. बीबीएल में 9 मैचों में इस बल्लेबाज ने 10.33 की औसत से महज 93 रन बनाए हैं।

मैकगर्क ने डीसी के लिए आईपीएल 2024 में दमदार प्रदर्शन किया था और पूरे सीजन में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी की वजह से छा गए थे. उनकी तूफानी बल्लेबाजी की वजह से डीसी ने डेविड वॉर्नर को रेस्ट करा दिया था. मैकगर्क ने पिछले सीजन मैकगर्क ने पिछले सीजन 9 मैचों में 234 से उपर की स्ट्राइक रेट से 4 अर्धशतक लगाते हुए 330 रन बनाए थे. इस दौरान 32 चौके और 28 छक्के उनके बल्ले से निकले थे।

मैकगर्क ने मेगा ऑक्शन में केएल राहुल और फाफ डु प्लेसिस को भी खरीदा था. माना जा रहा है कि मैकगर्क इन दोनों में से किसी एक के साथ डीसी के लिए पारी की शुरुआत कर सकते हैं लेकिन जिस तरह का प्रदर्शन वे कर रहे हैं संभव है शुरुआती फेज में वे टीम में जगह भी न बना पाएं।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन: स्वीयाटेक तीसरे राउंड में, राडुकानू से भिड़ेंगी

मेलबर्न, (आरएनएस)।इगा स्वीयाटेक ने गुरुवार को स्लोवाकिया की रेबेका स्रामकोवा को 6-0, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

अपेक्षाकृत हल्की और हवादार परिस्थितियों में, स्वीयाटेक ने 16 विनर्स लगाए और 14 अनफोर्स्ड एरर किए और उन्हें ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कोर्ट पर दबदबा बनाया और 26 रैलियों में से 20 में जीत हासिल की, जो पांच शॉट या उससे अधिक समय तक चलीं।

स्वीयाटेक ने कहा, मैंने आज वास्तव में ठोस महसूस किया। यह वास्तव में एक कुशल खेल था। मुझे खुशी है कि मैंने अपना ध्यान बनाए रखा क्योंकि कभी-कभी आपको लगता है कि यह थोड़ा आसान लगता है और यह बाद में समस्या पैदा कर सकता है क्योंकि आपका ध्यान भटक सकता है, लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने अपना ध्यान बनाए रखा और मैं ठोस थी।

स्वीयाटेक ने अब ग्रैंड स्लैम में पहले दो राउंड में अपने पिछले 40 मैच जीते हैं। स्रामकोवा के खिलाफ उनका पहला सेट 2020 की शुरुआत से ग्रैंड स्लैम में उनका 24वां 6-0 सेट है। डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, आर्यना सबालेंका नौ सेट के साथ इस अवधि में अगली सर्वश्रेष्ठ हैं।

तीसरे दौर में स्वीयाटेक 2021 यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू से भिड़ेंगी। राडुकानू अमांडा अनिसिमोवा के खिलाफ दूसरे दौर में एक कठिन ड्रॉ से गुज़रीं, दोनों सेटों में ब्रेक डाउन से वापस आकर 6-3, 7-5 से जीत दर्ज की और पहली बार मेलबर्न पार्क में तीसरे दौर में जगह बनाई।

# महान कप्तान हैं रोहित शर्मा, आकाश दीप ने हिटमैन को लेकर दिया दिल जीतने वाला बयान



नईदिल्ली, (आरएनएस)। रोहित शर्मा एक बेहतरीन कप्तान हैं और उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी उठाई और अब चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम की कमान संभालने वाले हैं. इस बीच उनके साथ खेलने वाले एक खिलाड़ी ने रोहित की कप्तानी की जमकर तारीफ की है. उसका कहना है की रोहित एक महान कप्तान हैं।

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा अपकमिंग चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में कमान संभालने को तैयार हैं. भले ही अब तक टीम का ऐलान ना हुआ हो, लेकिन तय ही माना जा रहा है की हिटमैन ही अपकमिंग सीरीज में टीम इंडिया की कमान संभालेंगे. अब टेस्ट टीम का हिस्सा आकाशदीप ने रोहित शर्मा को लेकर एक बयान दिया है, जो इस वक्त क्रिकेट के गलियारों में काफी चर्चा में है. उन्होंने हिटमैन को महानतम कप्तान करार दिया है।

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज आकाश दीप ने कहा, रोहित भाई महानतम कप्तान हैं. मैं रोहित भाई की कप्तानी में खेलने के लिए बहुत लकी समझता हूं. वह चीजों को बहुत ईजी रखते हैं और खिलाड़ियों की बहुत मदद करते हैं.रोहित शर्मा इस वक्त खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने 3 मैच खेले, जिसमें वह सिर्फ 30 रन ही बना पाए. इसके बाद बीसीसीआई ने रोहित को घरेलू क्रिकेट खेलकर फॉर्म हासिल करने की सलाह दी और उन्होंने उस सलाह को मान लिया।

23 जनवरी से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी में रोहित मुंबई की ओर से खेलते नजर आने वाले हैं. उन्होंने हाल ही में वानखेड़े स्टेडियम में प्रैक्टिस मैच भी खेला. हालांकि वहां भी उनका बल्ला खामोश रहा और वह सिर्फ 16 रन बनाकर ही आउट हो गए.चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भारतीय टीम को इंग्लैंड के साथ टी-20 सीरीज के बाद 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है. इस सीरीज में टीम इंडिया की कमान रोहित शर्मा संभालते हुए नजर आ सकते हैं।

# कर्नाटक पांचवी बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में

नईदिल्ली,(आरएनएस)। देवदत्त पड़िक्कल और अभिलाष शेट्टी के प्रदर्शनों की बदौलत कर्नाटक सेमीफ़ाइनल में हरियाणा को पांच विकेट से हराकर पांचवीं बार विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी के फ़ाइनल में पहुंच गया है। वड़ोदरा में पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी हरियाणा की पूरी टीम 50 ओवर में नौ विकेट के नुक़सान पर 237 रन बना पाई और हरियाणा को इस स्कोर पर रोकने में सबसे अहम भूमिका बाएं हाथ के तेज़ गेंदबाज़ अभिलाष शेट्टी ने निभाई जिन्होंने 10 ओवर में महज़ 34 रन देकर चार विकेट झटके। कर्नाटक ने 47.2 ओवर में पांच विकेट पर 238 रन बनाये।

शेट्टी ने हरियाणा की टीम को 32 के स्कोर पर अर्श रांगा के रूप में झटका दिया। हालांकि इसके बाद हिमांशु राणा और कप्तान अंकित कुमार के बीच साझेदारी पनप गई लेकिन दोनों ही बल्लेबाज़ अर्धशतक से चूक गए। दोनों के बीच हुई 80 रनों की साझेदारी को श्रेयस गोपाल ने अंकित को पगबाधा कर तोड़ा। जबकि हार्दिक राज ने हिमांशु राणा को पवेलियन चलता किया। इसके बाद शेट्टी ने एक बार फिर आक्रमण बोल दिया और निशांत सिंधु और पार्थ वत्स के रूप में हरियाणा को दो बड़े झटके दिए जिससे हरियाणा की टीम बैकफ़ुट पर चली गई। हालांकि इसके बाद राहुल तेवतिया और दिनेश बाना ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन बाना को गोपाल ने बोल्ड कर दिया और तेवतिया का शिकार भारतीय तेज़ गेंदबाज़ प्रसिद्ध कृष्णा ने किया। प्रसिद्ध का यह इस मैच में पहला विकेट था जिसके बाद उन्होंने अंशुल काम्बोज का अपने दूसरे विकेट के रूप में शिकार किया।

# विदेश समाचार

## इजराइल-हमास सीजफायर डील टूटने की कगार पर

### नेतन्याहू का आरोप- हमास शर्तों से पीछे हटा, समझौते के अंत तक रियायत मांग रहा

तेल अवीव (ए)। इजराइल-हमास के बीच सीजफायर डील 17 घंटों के अंदर ही टूटने की कगार पर पहुंच गई है। इस डील को मंजूरी देने के लिए इजराइली कैबिनेट की मीटिंग होने वाली थी। अब पीएम नेतन्याहू ने मीटिंग करने से मना कर दिया है। इससे पहले बुधवार रात कतर के पीएम ने इजराइल और हमास में सीजफायर और बंधकों की रिहाई से जुड़ी डील फाइनल होने की जानकारी दी थी। इजराइल के राष्ट्रपति ने भी कैबिनेट से डील को मंजूरी देने के लिए कहा था।

नेतन्याहू ने हमास पर समझौते की शर्तों से पीछे हटने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हमास समझौते के अंत तक रियायत मांग रहा है। हमास के अधिकारियों ने इन आरोपों का खंडन किया है। अधिकारियों का कहना है कि वे अभी भी शर्तों पर कायम हैं। डील के मुताबिक सीजफायर का पहला फेज 42 दिन का होगा। पहले फेज में हमास 33 इजराइली बंधकों को रिहा करेगा। बदले में इजराइल भी हमास के 250 कैदियों को रिहा करेगा। साथ ही इजराइली सेना गाजा की सीमा से 700 मीटर पीछे लौटेगी। सीजफायर के लिए पिछले कई हफ्तों से कतर की राजधानी दोहा में बातचीत चल रही थी। इस बातचीत में मिस्र और अमेरिका भी शामिल थे। 0000 ईरान ने कभी भी ट्रंप की हत्या का प्रयास नहीं किया और ना ही कभी करेंगे

## खुलेआम एके-47 से फायरिंग करने वाले वकील के वायरल वीडियो का सच आया सामने

कराची,(ए)। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वकील की ड्रेस पहने एक शख्स खुलेआम एके-47 से फायरिंग करता दिख रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो पाकिस्तान के लाहौर बार एसोसिएशन के चुनाव का है और फायरिंग करने वाला शख्स सेक्रेटरी पद के लिए चुनाव लड़ रहा है, लेकिन सजग टीम की जांच में इस वीडियो जानी तो खुला राज।सोशल मीडिया एक्स पर जितेंद्र प्रसाद सिंह शख्स ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, कि यह जनाब लाहौर बार एसोसिएशन में सेक्रेटरी का चुनाव लड़ रहे हैं। इस वीडियो को 13 लोगों ने रीपोस्ट किया और सैकड़ों बार देखा गया है। जब सजग टीम ने वीडियो के स्क्रीनशॉट को सर्च किया तो पता चला कि यह वीडियो जनवरी 2023 का है। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना जनवरी 2023 की है, जब पंजाब प्रांत में लाहौर बार काउंसिल के चुनावों के बाद जीत का जश्न मनाने के लिए कुछ वकीलों ने हर्ष फायरिंग कर रहे थे।

मामले में मुख्य आरोपी वकील उमर गौरी के रुप में हुई थी। फायरिंग के बाद लाहौर के इस्लामपुरा पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और उनका प्रैक्टिसिंग लाइसेंस सस्पेंड कर दिया था। इस घटना के वीडियो सामने आने के बाद पंजाब बार काउंसिल ने अगले बार चुनाव स्थगित कर दिए। कई संगठनों और व्यक्तियों ने घटना की कड़ी निंदा की थी।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में किया जा रहा दावा झूटा और भ्रामक है। यह वीडियो लाहौर बार एसोसिएशन के सेक्रेटरी चुनाव का नहीं, बल्कि जनवरी 2023 में लाहौर बार काउंसिल चुनाव के बाद की घटना का है। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा चुकी है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामग्री को शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें। भ्रामक पोस्ट समाज में अफवाह फैलाने और अशांति का कारण बन सकती हैं।

## तूफान में आंखे खोने के बाद भविष्य वक्ता बाबा वेंगा को मिली थीं शक्तियां

सैन फ्रांसिस्को(ए)। बुल्गारिया की इस रहस्यमयी महिला का असली नाम वांगेलिया पांडेवा गुष्टेरोवा था। 1996 में 84 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हो गई थी। वे अपनी भविष्यवाणियों के लिए मशहूर हो गई थीं।



उन्होंने दावा किया था कि 12 साल की उम्र में एक भयानक तूफान के दौरान अपनी दृष्टि खोने के बाद उन्हें ये शक्तियां मिलीं। 'बाल्कन की नास्त्रेदमस' के नाम से जानी जाने वाली बाबा वेंगा की भविष्यवाणियों में से 85 प्रतिशत सही मानी जाती हैं। उनकी मृत्यु के बाद भी उनकी कई भविष्यवाणियां सच साबित हुई हैं, जो अच्छी खबर नहीं है क्योंकि उन्होंने 2025 के लिए घातक युद्धों और प्रलय की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा था कि 2025 में होने वाली घटनाएं एक वैश्विक प्रलय की ओर ले जाएंगी। उन्होंने एक जंग का जिक्र किया था जो मुख्य भूमि यूरोप में भड़कने वाला है। उनका मानना था कि 2025 में दो देशों के बीच एक नया युद्ध छिड़ जाएगा, लेकिन इसके परिणाम पूरी दुनिया में महसूस किए जाएंगे। और यह सिर्फ वैश्विक प्रलय ही नहीं है जिसके बारे में बाबा वेंगा ने चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगले साल हमें एलियंस का दौरा भी हो सकता है और टेलीपैथी भी सच हो जाएगी। 1980 में, बाबा वेंगा ने रूस के कुर्स्क शहर में एक भयानक घटना की भविष्यवाणी की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि यह पानी में डूब जाएगा और पूरी दुनिया इस पर रोएगी। इसके बाद अगस्त 2000 में एक परमाणु पनडुब्बी शहर के पास डूब गई थी।

# सोने की चाहत में जुलाई में खदान में अंदर गए खनिक, बाहर मौजूद सहयोगी करते थे खाने-पीने की आपूर्ति

## पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खनिकों की रस्सियां और पुली सिस्टम नष्ट किए



जोहांसबर्ग (ए)। दक्षिण अफ्रीका में एक छोड़ी गई सोने की खदान में 100 से अधिक खनिकों की मौत के बाद पूरे देश में बवाल मच गया है। अधिकार समूहों ने बताया है कि 500 से ज्यादा खनिक वर्तमान में खदान के अंदर फंसे हुए हैं। इसमें कई खनिक भूख और प्यास के कारण गंभीर हालत में हैं। वहीं स्थानीय लोगों का दावा है कि कुछ खनिक जुलाई से ही माइन के अंदर सोने की खोज कर रहे हैं। इस खनिकों के खाने-पीने की चीजों की आपूर्ति खदान के बारह मौजूद उनके सहयोगी करते है। ये खनिक पूरी तरह से इन्हीं सहयोगियों पर निर्भर रहते है। इन्हीं सहयोगियों के द्वारा उन्हें समय-समय पर जरुरत की सभी चीजें उपलब्ध कराई जाती है। पुलिस द्वारा पहली बार इन खनिकों को बाहर निकालने की कोशिश नवंबर में हुई थी।दक्षिण अफ्रीका में अवैध खनन एक आम समस्या है, खासकर उन खदानों में जिन्हें कंपनियां छोड़ देती हैं। ऐसी खदानों में बचे हुए सोने की तलाश में खनिक अवैध रूप से प्रवेश करते हैं। ये खनिक समूह महीनों तक खदान में रहते हैं और अपनी आपूर्ति के लिए सतह पर मौजूद लोगों पर निर्भर होते हैं।घटना स्टिलफोंटेन शहर के पास स्थित बफेल्सफोंटेन गोल्ड माइन की है, इस माइन को पिछले साल नवंबर में बंद कर दिया गया था। प्रशासन के अधिकारियों ने खदान में अवैध रूप से काम कर रहे खनिकों को बाहर निकालने के लिए उनकी आपूर्ति काट दी थी। पुलिस का कहना है कि खनिक बाहर आ सकते हैं, लेकिन गिरफ्तारी के डर से वे बाहर नहीं आ रहे हैं।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति और शी जिनपिंग ने की मुलाकात, बीआरआई को लेकर हुई चर्चा

## -चीन ने भारत के खिलाफ उगला जहर



बीजिंग,(ए)। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके चीन के चार दिवसीय राजकीय दौरे पर हैं। उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की है। बीते साल पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला चीनी दौरा है। दिसानायके के साथ मुलाकात में शी जिनपिंग ने फिर से बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को बढ़ाने की कोशिश की। जिनपिंग-दिसानायके की मुलाकात के बाद चीन ने भारत के खिलाफ जहर उगला है।

चीन की मीडिया रिपोर्ट में चीनी विशेषज्ञ के हवाले से बताया गया है कि श्रीलंकाई राष्ट्रपति की यात्रा चीन और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय आदान-प्रदान और नीति समन्वय को बढ़ावा देगी। इसे भविष्य के सहयोग और बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के लिए एक अहम बताया है। एक चीनी अखबार में छपे लेख में चीन की मदद से श्रीलंका के घरेलू बुनियादी ढांच का भी जिक्र किया गया है। इसके साथ ही श्रीलंका में बढ़ते चीनी प्रभाव को लेकर उठ रही चिंताओं को लेकर भारत के खिलाफ जहर उगला है। विशेषज्ञों का हवाला देते हुए लेख में लिखा गया है कि हिंद महासागर में चीन की उपस्थिति को लेकर भारत की सतर्कता मुख्य रूप से नई दिल्ली के संकीर्ण भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से पैदा हुई है। इसमें गया है कि भारत दक्षिण एशिया को अपने प्रभाव क्षेत्र के रूप में देखता है और चीन के साथ दोस्ताना और सहयोगी संबंध विकसित करने के अन्य देशों के अधिकारों का सम्मान नहीं करता है। वहीं यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के हवाले से कहा गया है कि अगर भारत अपनी संकीर्ण भू-राजनीतिक सोच से आगे नहीं बढ़ सकता है, तो दक्षिण एशिया के विकास को आगे बढ़ाना मुश्किल होगा।

# ईरानी राष्ट्रपति ने आरोपों को बताया विदेशी साजिश

तेहरान,(ए)। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने बीते साल अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव अभियान में डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की साजिश में तेहरान के शामिल होने से साफ इनकार किया है। ईरानी राष्ट्रपति ने ये टिप्पणी उस समय आई है, जब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर आसीन होने जा रहे हैं।



उन्होंने अमेरिकी मीडिया के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि बीते साल नवम्बर में अमेरिकी न्याय विभाग ने ट्रंप की हत्या की साजिश रचने के सिलसिले में एक ईरानी व्यक्ति पर आरोप लगाया था।

ईरानी व्यक्ति के खिलाफ आरोप जुलाई में एक रैली में ट्रंप के हत्या के प्रयास से बचने के बाद एक अलग मामले में लगाया गया था। राष्ट्रपति महमूद पेजेश्कियन ने आरोपों के बाद अमेरिकी मीडिया को पहला इंटरव्यू था। इस दौरान ईरानी राष्ट्रपति ने कहा कि हमने कभी भी ऐसा प्रयास नहीं किया है और ना ही कभी करेंगे।पेजेश्कियन ने इजराइल और दूसरे देशों का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ ट्रंप की हत्या की कोशिश करने के आरोप ईरानफोबिया को बढ़ावा देने के लिए विदेशियों की साजिश का हिस्सा हैं। इस दौरान पेजेश्कियन ने अमेरिका के साथ संबंधों और ईरान के परमाणु मुद्दे पर पश्चिमी देशों के साथ तनाव पर भी बात की। उन्होंने ट्रंप की प्रतिबंधों की बढ़ाने और तेहरान पर दबाव डालने की धमकियों का जिक्र किया और आरोप लगाया कि अमेरिका ने ईरान को गिराने का प्रयास किया है। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे उम्मीद है कि ट्रंप क्षेत्र और दुनिया में शांति के लिए काम करेंगे, न कि खूनखराबे और युद्ध में योगदान देंगे।

# कलेक्टर ने गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीतने वाली बालिकाओं को किया सम्मानित

## जिले के स्कूलों की बालिकाओं ने जूडो कराटे प्रतियोगिता में जीते गोल्ड, सिल्वर सहित अनेक मैडल



सीहोर (निप्र) । सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत संचालित जिले के विभिन्न स्कूलों की बालिकाओं ने भोपाल में आयोजित राष्ट्र स्तरीय जूडो कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड, सिल्वर सहित अनेक मेडल प्राप्त किए है। इसके साथ ही राज्य स्तरीय मोगली उत्सव प्रतियोगिता में एक बालिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी बालिकाओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक आरआर उइके ने बताया कि भोपाल में राष्ट्र स्तरीय जूडो कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम बरखेड़ा हसन, कोठरी एवं सेमली जदीद के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, जमुनिया टैंक, सिद्दीकगंज वीरपुर डेम, रेहटी एवं लाड़कुई स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास की बालिकाओं ने गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीता। इन बालिकाओं का मुकाबला मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब की टीम हुआ था।

**इन बालिकाओं ने जीता गोल्ड एवं सिल्वर मेडल**

राष्ट्र स्तरीय जूडो कराटे प्रतियोगिता में कक्षा आठ की कुमारी आशा वंशकार ने कराटे में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी प्रकार कराटे में कुमारी विनीता भिलाला ने सिल्वर मेडल, फाइटिंग में कक्षा सातवी की कुमारी काजल ने गोल्ड मेडल, फाइटिंग में कक्षा आठवीं कुमारी तुलसी ने सिल्वर मेडल, कक्षा आठवीं की कुमारी तमन्ना ने गोल्ड मेडल, कक्षा सातवी की कुमारी अंकिता ने फाइटिंग में सिल्वर मेडल, कक्षा आठवीं की कुमारी सपना बारेला ने गोल्ड मेडल, कक्षा सातवीं की कुमारी ओमिका एक्के ने सिल्वर मेडल, कक्षा आठ की कुमारी रीमा बारेला ने फाइटिंग में गोल्ड मेडल, कक्षा आठवी की कुमारी निकिता बारेला ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया गया।

कक्षा आठवीं की कुमारी आयुषी अश्वारे ने काता में सिल्वर मेडल, कक्षा सातवीं की कुमारी सुनीता बारेला ने फाईटिंग में ब्राउन मेडल, कक्षा आठवीं की कुमारी पूर्ति ने कराटे में गोल्ड मेडल तथा कुमारी नेहा ने सिल्वर मैडल प्राप्त किया। कक्षा सातवी की कुमारी संध्या ने फाईटिंग में गोल्ड मेडल तथा कुमारी तनिकक्षा कक्षा ने सिल्वर मेडल, कक्षा छठवी की कुमारी चमेली ने कराटे में गोल्ड मेडल, कक्षा आठवीं की कुमारी निर्मला ने गोल्ड मेडल, कक्षा सातवीं की कुमारी रितु ने कराटे में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

इसी प्रकार कुमारी तनु जाटव, कुमारी अक्षरा उईके, कुमारी सपना बारेला, कुमारी ओमिका एक्के, कुमारी प्रियांशी मेहरा ब्लैक बेल्ट सर्टिफिकेट प्राप्त किया। कक्षा सातवी की कुमारी महक मालवीय ने राज्य स्तरीय मोगली उत्सव में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान से जसपाल सिंह अरोरा ने की सौजन्य भेंट



सीहोर (निप्र) । पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा एवं नेपानगर विधायक श्रीमती मंजू दादू ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सौजन्य भेंट कर सीहोर की राजनैतिक गतिविधियों पर चर्चा की। इसै मौके पर श्री चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार जनहितेशी सरकार है। हम सबका लक्ष्य देश के हर नागरिक के साथ ही अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की सेकड़ों जनहितेशी योजनाओं का भरपूर लाभ पहुंचाना है। देश भक्ति व जनहित को दृष्टिगत रखते हुए सभी को भाजपा सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ पहुंचायें।

# शिक्षक बच्चों को जिज्ञासु बनाएं : कलेक्टर श्री सिंह

सीहोर (निप्र) । शिक्षक बच्चों को जिज्ञासु बनाएं। हर बच्चे को विषय और परिवेश को लेकर जिज्ञासु होना चाहिए। जब बच्चों में जिज्ञासा उत्पन्न होगी, तो वे मन में उठने वाले हर सवाल का जवाब खोजना शुरू कर देंगे, जिससे उनके ज्ञान में अभिवृद्धि होगी और बुद्धि के साथ ही कल्पनाशीलता का भी विकास होगा। यह बात कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले के पहली, दूसरी और तीसरी के बच्चों को वर्चुअल क्लास में पढ़ाते समय शिक्षकों से कही। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा एफएलएन प्रोग्राम के तहत प्रति गुरूवार जिले के कक्षा एक से तीन तक के बच्चों को वर्चुअल पढ़ाने का नवाचार शुरू किया गया है। वर्चुअल क्लास के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के सभी शिक्षकों से कहा कि बच्चों के हर सवाल का जवाब दें, उनके सवालों को टाले नहीं, बल्कि उनमें इतनी जिज्ञासा पैदा कर दें कि उन्हें जिस विषय या वस्तु के बारे में जानने की इच्छा हो, उसे पूरी तरह जान-समझकर ही दम लें। उन्होंने कहा कि पढ़ाने का तरीका ऐसा हो कि बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि पैदा हो और नियमित स्कूल आएं। कलेक्टर सिंह ने बताया कि इस नवाचार का उद्देश्य बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) क्लास के तहत कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों में पढ़ने, लिखने, और गणित के बुनियादी कौशल विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कराना है।

# कलेक्टर ने जिला अस्पताल में मरीजों के परिजनों को किया भोजन वितरण

**टीम सडे का सुकून की ओर से मरीजों के परिजनों को दिया जा रहा है निशुल्क भोजन**



सीहोर (निप्र) । जिला चिकित्सालय में टीम संडे का सुकून द्वारा प्रतिदिन सुकून की रसोई के माध्यम से मरीजों के परिजनों के लिए निशुल्क भोजन वितरण किया जा रहा है। भोजन वितरण के दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने भी अस्पताल पहुंचकर मरीजों के परिजनों को भोजन वितरित किया। इसके साथ ही कलेक्टर श्री सिंह ने इस कार्य की सराहना करते हुए टीम के संचालकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री सिंह ने उच्च गुणवत्ता का भोजन बनाने वाले अनिल, मदन एवं उनके परिवार को सम्मानित किया।

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि टीम संडे का सुकून समाज सेवा का जो कार्य कर रही है, वह बहुत की पुण्य का काम है और इस नेक कार्य में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए टीम संडे का सुकून को वेबसाइट बनाने का सुझाव दिया।

# आनंद उत्सव के संबंध में बैठक आयोजित

**18 एवं 19 जनवरी को आनंद उत्सव के तहत खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियां होंगी आयोजित**

सीहोर (निप्र) । कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार सीहोर स्थित शासकीय आवासीय खेलकूद संस्था पर 18 एवं 19 जनवरी 2025 को प्रात: 10:30 बजे से जिला एवं विकासखंड स्तरीय आनंद उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आनंद उत्सव के तहत विभिन्न खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियां जैसे सितोलिया, गोलाफेंक, रस्सी कूद, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, सितोलिया, क्रिकेट, टेबल टेनिस, फुटबॉल, कबड्डी, व्हॉलीबॉल, शतरंज आदि आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने आनंद उत्सव के सफल संचालन के लिए समिति गठित कर विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे हैं। इस संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजित होने वाले आनंद उत्सव की विभिन्न गतिविधियों एवं बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत, जिला रोजगार अधिकारी श्याम धुर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# आईईएस पब्लिक स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स डे का आयोजन

## आईईएस स्कूल द्वारा छात्रों को वार्षिक प्रतियोगिताओं के लिए पुरूस्कृत






सीहोर (निप्र) । आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा छात्रो के लिए एनुअल स्पोर्ट्स डे स्पोर्ट्स वैगांजा का आयोजन आईईएस पब्लिक स्कूल कैम्पस में किया गया जिसमे छात्रो के लिए कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनुअल स्पोर्ट्स डे का शुभारंभ मुख्य अतिथि दीपक कुमार शुक्ला, एसपी सीहोर और श्रीमती स्वप्नश्री सिंह, सिविल जज, सीनियर डिवीजन, सीहोर एवं डॉ. सुनीता सिंह, चेयरपर्सन आईईएस पब्लिक स्कूल भोपाल एवं सीहोर द्वारा किया गया। आतिथिओ ने छात्रों को प्रोत्साहित किया साथ ही सभी छात्रो एवं उनके पैरेंट्स को खेल का आनंद लेकर फिट और सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया तदुपरान्त आईईएस पब्लिक स्कूल के छात्रो द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति ने समां बांध दिया।एनुअल स्पोर्ट्स डे पर स्कूल द्वारा छात्रो के लिए ड्रिल और ट्रैक इवेंट के साथ कई रेस का भी आयोजन किया गया जिसमे छात्रो ने बढ़ चड़ का हिस्सा लिया। आईईएस पब्लिक स्कूल छात्रो के लिए 100 मीटर डैश, हर्डल रेस, सैक रेस, ताइक्कांडो और स्केटिंग आदि मजेदार कार्यक्रमों में भाग लिया जिसमे छात्रो के अभिभावकों ने भी उत्साह से भाग लिया और बच्चों को गौरवान्वित किया और खुश हुये। सभी प्रतियोगिताओ के बाद छात्रो को मेडल एवं पुरस्कार वितरण किए गए। साथ ही लोहड़ी और मकर संक्रांति थीम, फ़नज़ोन के साथ फ़ूड स्टॉल और रोमांचक खेलों ने उत्सव को और भी मज़ेदार बनाया।एनुअल स्पोर्ट्स डे के अंत में प्रोफ (श्रीमति) मनीषा कव्थेकर डाइरेक्टर, आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा उपसतिथ सभी आतिथिओ एवं छात्रो के पालक का आभार व्यक्त किया। साथ ही बताया के छात्रो पर आकडेमिक्स के साथ स्पोर्ट्स के लिए भी पूरा ध्यान दिया जाता है एवं स्कूल परिसर में ही छात्रो के लिए नेशनल लेवेल के स्केटिंग एरीना, क्रिकेट ग्राउंड, फूटबाल ग्राउंड, बास्केट बॉल कोर्ट, फेंसिंग आदि की सुविधा उपलब्ध है जिनके लिए छात्रो को स्पेशल ट्रानिंग भी दी जाती है।

# इंस्टाग्राम की दोस्ती बनी जी का जंजाल

## आरोपी को मकराना राजस्थान से किया गिरफ्तार

**फरियादिया की अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर, कर रहा था 5 लाख रुपये की मांग**




भैरूंदा/नसरुल्लागंज (संजय कलमोर) । फरियादीया द्वारा रिपोर्ट कि गई की पिछले तीन वर्षों से राहुल निवासी मकराना राजस्थान को जानती थी राहुल से इंस्टाग्राम के माध्यम से पहचान हुई थी पिछले एक वर्ष से राहुल बुरी नीयत से परेशान कर रहा था और फरियादिया कॉल करता था राहुल ने इसकी वीडियो कॉल करते हुए अश्लील वीडियो बना कर वीडियो वायरल करने की धमकी दे कर अनावश्यक परेशान कर रहा था। फरियादीया ने सारी बात अपने परिजनों को बताई। थाना अपराध क्रमांक 05/25 धारा 74,78,351(3), 308(2), बीएनएस, 67 आईटी एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग एवं एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी घनश्याम दांगी द्वारा टीम गठित की गई थी। पुलिस की टीम द्वारा तकनीकी जानकारी प्राप्त कर आरोपी की तलाश में मकराना राजस्थान पहुंचे जहाँ आरोपी राहुल पिता कैलाश उम्र 26 साल निवासी मकराना राजस्थान को तलाश कर अभिरक्षा में लेकर थाना भैरूंदा आए। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, लैपटॉप जप्त किए जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

**सराहनीय भूमिका**

उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक पूजा सिंह राजपूत, उप निरीक्षक लोकेंश सोलंकी, प्र.आर.176 दिनेश जाट, आर. 648 पुष्पेंद्र जाट, आर.581 योगेश कटारे, साइबर सेल सीहोर की सराहनीय भूमिका रही ।

# कुबेरेश्वरधाम रुद्राक्ष महोत्सव-लाइटों पर उभरेंगी देवी-देवताओं की आकृतियां

**बंगाल के कलाकारों के द्वारा संभाली जाएगी आधुनिक लाइट की कमान**



सीहोर (निप्र) । जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आगामी 25 फरवरी से होने वाले सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव शिव महापुराण का आयोजन किया जाएगा। हर रोज लाखों की संख्या में श्रद्धालु आऐंगे। इसके लिए विठलेश सेवा समिति ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए करीब 10 एकड़ में भोजन प्रसादी का इंतजाम किया गया है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में सेवादारों के हाथ में व्यवस्था रहेगी, इसके अलावा दो गेट 40-40 फीट के आधुनिक लाइट से सराबोर रहेंगें और दो गेट 12-12 फीट के चलित लाइट से जगमगाएंगे। इसके लिए बंगाल के लाइट के इवेंट कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। जिन्होंने विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला से चर्चा कर प्रदेश में पहली बार आधुनिक लाइट के बारे में अपनी जानकारी दी। इस मौके पर पंडित विनय मिश्रा, मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य मौजूद थे। समिति के पंडित श्री शुक्ला ने बताया कि डिजाइनर लाइटों पर उभरेंगी देवी-देवताओं की आकृतियां, श्रद्धालुओं को होगा आध्यात्म और सौंदर्य का दिव्य अनुभव, क्षेत्र में बने और बनने वाले छोटे-बड़े सभी गेट आधुनिक रंगीन फसाड फोकस लाइटों से जगमगाएंगे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा- परवाह थीम अंतर्गत वाहन चैकिंग अभियान जारी

**थाना भैरूंदा द्वारा चलाया गय अभियान, 17 वाहन चालकों के विरुद्ध की गई चालानी कार्यवाही, वसूले 8100 रु**

भैरूंदा/नसरुल्लागंज (संजय कलमोर)। पुलिस मुख्यालय द्वारा राष्ट्रीय सडक सुरक्षा सप्ताह के दृष्टिगत "परवाह" थीम आयोजित कर सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारियो को थाना क्षेत्र में लगातार वाहन चैकिंग एवं जागरूकता अभियान के निर्देश दिये गये थे। जिसके पालन में एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना भैरूंदा स्टॉफ द्वारा लगातार वाहन चैकिंग की जा रही है एवं यातायात नियमों का पालन करने के समझाइश वाहन चालको को दी जा रही है। इसी क्रम में थाना परिसर के सामने वाहन चैकिंग की गई जिसमें यातायात नियमो का पालन नहीं करने वाले कुल 17 वाहन चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई एवं कुल समंस शुल्क 8100 रुपये वसूल कर यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश वाहनों चालकों को दी गई । चालानी कार्यवाही के दौरान, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना, प्रेशर हॉर्न वाले वाहनों कार्यवाही की गई एवं प्रेशर हॉर्न वाले वाहनों से उनके प्रेशर हॉर्न निकलवाए गए।




# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

सीहोर (निप्र) । शासन की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही जिले में भी मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर आमजन को शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत बुधनी तहसील के ग्राम खाडांबढ में जनकल्याण शिविर एवं कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव ने विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर विधायक भार्गव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में निरंतर विकास हो रहा है। सरकार गरीबों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है।

# निक्षय शिविर लगाकर बंदियों को प्रदान की गई स्वास्थ्य सेवा



सीहोर (निप्र) । शासन के निर्देश टीबी से बचाव के लिए प्रदेश के साथ ही जिले में भी 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा भैरूंदा की सब जेल में निक्षय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बंदियों की स्क्रीनिंग एवं एक्स-रे किया गया। इसके साथ ही 04 बंदियों के स्पुटम टेस्ट भी किए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सभी को टीबी से बचाव के उपाय भी बताए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कई नवाचार किए जा रहे है, जिनमें स्वास्थ्य विभाग की टीम दूर-दूर के क्षेत्रों में पहुंचकर समुदाय को टीबी से बचाव के प्रति जागरूक कर रही है। उन्होंने कहा कि टीम विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर इस अभियान को सफल बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अभी तक जिले में एक लाख 10 हजार 385 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। इसके साथ ही 12 हजार 519 लोगों का एक्स-रे तथा 3,435 लोगों का नॉट टेस्ट किया जा चुका है, जिसमें कुल 150 लोग पॉजिटिव पाए गए हैं।

# जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 18 जनवरी को

**विद्यालय की बेवसाइट पर देख सकते हैं अपना परीक्षा केंद्र**

सीहोर (निप्र)। जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा जिले के सभी विकास खंडों सहित कुल 10 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न कराई जाएगी। इस प्रवेश परीक्षा में जिले के 3476 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ के एस बघेल ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा की दृष्टि से प्रत्येक विकासखंड में विकासखंड स्तर पर ही परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों ने परीक्षा देने के लिए अपना पंजीयन जिस विकासखंड से कराया है उनकी परीक्षा उसी विकासखंड के परीक्षा केन्द्र पर कराई जाएगी। अभ्यर्थियों के केन्द्र वार रॉल नम्बर का आवंटन जवाहर नवोदय विद्यालय, सीहोर की वेवसाइड https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/Sehore/en/home/ पर भी देखा जा सकता है। आष्टा में तीन परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रोल नम्बर 1973329 से 1973688 तक 360 परीक्षार्थी है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रोल नम्बर 1973689 से 1974048 तक 360 परीक्षार्थी हैं और शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रोल नम्बर 1974049 से 1974313 तक 265 परीक्षार्थी हैं। इसी प्रकार बुधनी में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एक परीक्षा केन्द्र बनाया गया जिसमें रोल नम्बर 1974314 से 1974681 तक 368 परीक्षार्थी है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com